नव प्रदेश

RNI NO.CHHIN/2012/41806 रायपुर, मंगलवार 16 नवंबर 2021, कृष्ण पक्ष द्वादशी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-271 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

महंगाई डायन अब लोगों की आमदनी चट करने के साथ ही आड़े वक्त के लिए बचाकर रखी गई जमापूंजी भी निगलने लगी है। दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ते ही जा रहे है। यहां तक कि हरी साग सब्जियां और मौसमी फल भी आम आदमी की पहुंच से बाहर होते जा रहे है। पेट्रोल और डीजल के दाम घटे एक सप्ताह से ज्यादा हो गया है और तब से अब तक इसके दाम स्थिर बने हुए है। इसके बाद भी महंगाई की रफ्तार पर लगाम न लगना हैरत की बात है। अच्छे दिन बहुत महंगे पड़ रहे है।

सूर्योदय

उदय : 06:37 प्रात:

अस्त : 05:23 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,935,815,110

भारत : 1,398,944,922

बाजार

सेंसेक्स : 60,718.71

निफ्टी : 18,109.45

गोल्ड : 48,930 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 66,400 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.71 प्रति नग

दिवस

अंतर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस

संयुक्त राष्ट्र द्वारा हर साल 16 नवंबर को卐अंतर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस卐 के रूप में मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र संस्कृतियों और लोगों के बीच आपसी तालमेल को बढ़ावा देकर सहिष्णुता को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।यूनेस्को ने साल 1994 में, महात्मा गांधी के जन्म की 125 वीं वर्षगांठ को 16 नवंबर को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस के रूप में घोषित किया गया था। यह दिन शांति, अहिंसा और समानता के महात्मा के मूल्यों को प्रोत्साहित करता है।

शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी, पत्नी व पुत्र सहित पंचतत्व में विलीन... अंतिम दर्शन को उमड़ा जनसैलाब, सम्मान में रायगढ़ रहा बंद

रायगढ़/नवप्रदेश। मणिपुर में उग्रवादी हमले में शहीद हुए कमांडेंट विप्लव त्रिपाठी, उनकी पत्नी और बेटे पंचतत्व में विलीन हो गए। शहीद कर्नल व उनके परिवार को रायगढ़ शहर के सर्किट हाउस स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। शहीद कर्नल के अंतिम दर्शन के लिए शहर में भारी भीड़ उमड़ी रही। वहीं शहीद के सम्मान में रायगढ़ शहर बंद रहा।

बता दें कि रायगढ़ के रहने वाले वरिष्ठ पत्रकार सुभाष त्रिपाठी के बड़े बेटे कमांडेंट विप्लव त्रिपाठी (41 साल) सहित 5 जवान 13 नवंबर को मणिपुर में हुए उग्रवादी हमले में शहीद हो गए थे। असम राइफल्स के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विप्लव त्रिपाठी की पत्नी अनुजा शुक्ला (37 साल) और बेटे अवीर त्रिपाठी (6 साल) की भी इस हमले में मौत हो गई थी। वह परिवार सहित आ रहे थे, इसी दौरान घात लगाए उग्रवादियों ने आईडी ब्लास्ट कर उनकी गाड़ी को उड़ा दिया था। सोमवार को तीनों के शव भारतीय वायु सेना के विशेष विमान से रायगढ़ लाए गए। तीनों का शव घर पर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रानी कमलापति का नाम जुड़ने से गोंड गौरव रेल से जुड़ा : पीएम

रानी कमलापति रेलवे स्टेशन का किया उद्घाटन

भोपाल (एजेंसी)। अमर शहीद बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस समारोह को संबोधित करने के बाद प्रधानमंत्री रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पहुंचे। 100 करोड़ से बने रेलवे स्टेशन की उन्हें रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उन्हें जानकारी दी। इसके बाद प्रधानमंत्री ने वर्ल्ड क्लास स्टेशन रानी कमलापति (हबीबगंज) का लोकार्पण किया। लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा- आज का दिन देश के लिए गौरवपूर्ण इतिहास और वैभवशाली भविष्य के संगम का दिन है। भारतीय रेल का भविष्य कितना आधुनिक है। कितना उज्जवल है। इसका प्रतिबिंब भोपाल के इस भव्य रेलवे स्टेशन में जो भी आएगा, उसे दिखाई देगा। भोपाल के इस ऐतिहासिक रेलवे स्टेशन का सिर्फ कायाकल्प नहीं हुआ है, बल्कि गिन्नौरगढ़ की रानी का नाम जुड़ने से इसका महत्व और बढ़ गया है।6 साल पहले तक जिसका भी पाला भारतीय रेल से पड़ता था, वो भारतीय रेल को ही कोसते हुए ज्यादा नजर आता था। स्टेशन पर भीड़ भाड़ गंदगी। खाने-पीने की असुविधा। ट्रेन में गंदगी। सुरक्षा की भी चिंता रहती थी। लोग चेन लेकर बैग में ताला लगाते थे। दुर्घटना का भी डर रहता था।

अंडरग्राउंड सब-वे से एक साथ गुजरेंगे : 1500 यात्रीरानी कमलापति ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मध्यप्रदेश की दिखेगी झलक

इस रेलवे स्टेशन में मध्यप्रदेश के पर्यटन और दर्शनीय स्थलों, जैसे भोजपुर मंदिर, सांची स्तूप और भीमबैठका के चित्र प्रदर्शित होंगे। स्टेशन के मेन गेट के अंदर दोनों ओर की दीवारों पर भील, पिथोरा पेंटिंग्स भी होंगे। जनजातीय शिल्पकला पेपरमेशी से बनाए गए जनजातीय मुखौटे को मुख्य गेट के सामने की वॉल पर लगाया गया है। फर्स्ट फ्लोर पर टूरिस्ट इंफॉर्मेशन लाउंज में एक बड़ी स्क्रीन इंस्टॉल की गई है, जिससे यात्रियों और पर्यटकों को प्रदेश के पर्यटन स्थलों की संपूर्ण जानकारी मिल सकेगी।

पीएम मोदी आज पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का करेंगे उद्घाटन

लखनऊ (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज उत्तर प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। पीएम मोदी अपनी यूपी की यात्रा पर दोपहर करीब 1.30 बजे सुल्तानपुर जिले के करवल खीरी में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन करेंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पीएम मोदी उद्घाटन के बाद सुल्तानपुर जिले में एक्सप्रेस-वे पर निर्मित 3.2 किमी लंबी हवाई पट्टी पर भारतीय वायु सेना के एयरशो को भी देखेंगे। जानकारी के अनुसार, यह हवाई पट्टी आपात (इमरजेंसी) स्थिति में भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमानों को उतारने और उड़ान भरने के लिए निर्मित की गई है। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की लम्बाई 341 किलोमीटर है। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे लखनऊ-सुल्तानपुर रोड (एनएच-731) पर स्थित गांव चौदसराय, जिला लखनऊ से शुरू होता है और उत्तर-बिहार बॉर्डर से 18 किलोमीटर पूर्व में नेशनल हाइवे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला ने की मुख्यमंत्रियों से वर्चुअल चर्चा

मुख्यमंत्री भूपेश ने मांगी जीएसटी क्षतिपूर्ति की बकाया राशि

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सोमवार को सीएम हाउस से केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित देश के सभी राज्यो के मुख्यमंत्रियों की बैठक में वर्चुअल रूप से शामिल हुए। बैठक में कोविड-19 के बाद देश में इंफ्रास्ट्रक्चर और इकोनामी ग्रोथ के संबंध में चर्चा हुई। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के

बैठक में विकास को बढ़ावा देने, रिफॉर्म्स, निवेश बढ़ाने और सुधार-केंद्रित व्यावसायिक माहौल बनाने के विषयों पर चर्चा की गई।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ वर्चुअल बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी छत्तीसगढ़ का पक्ष रखा। उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से प्रदेश में जीएसटी की क्षतिपूर्ति दिलाने की कवायद की है।

वर्चुअल बैठक के बाद प्रदेश के कैबिनेट मंत्री रविंद्र चौबे ने बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सलमान खुर्शीद के घर आगजनी-पथराव

■ **अयोध्या पर किताब लिखने के बाद से हो रहा विरोध**

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद के नैनीताल स्थित घर पर आगजनी और पत्थरबाजी हुई है. इस घटना की जानकारी कांग्रेस नेता ने फेसबुक पर साझा की है. कहा जा रहा है कि उपद्रवियों के हाथ में बीजेपी का झंडा था और वे साम्प्रदायिक नारे लगा रहे थे. बता दें कि पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद अपनी किताब 'सनराइज ओवर अयोध्या' को लेकर विवादों में हैं. सलमान खर्शीद ने अपनी किताब में हिंदुत्व की तुलना आतंकी संगठन आईएसआईएस और बोको हराम से की है और हिंदुत्व की राजनीति को खतरनाक बताया है. फेसबुक पर घटना की तस्वीरें शेयर करते हुए सलमान खुर्शीद ने कहा, क्या मैं अभी भी गलत हूं? क्या ये हिंदुत्व हो सकता है? इससे पहले शाहजहांपुर में शनिवार को विहिप ने सलमान खुर्शीद का पुतला फूंका था. इतना ही नहीं विश्व हिंदू परिषद ने खुर्शीद की जुबान काटने की भी धमकी दी थी।

अनिल देशमुख 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे गए

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख को मनी लॉन्ड्रिंग केस में सोमवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। देशमुख की ओर से जेल में घर के भोजन की मांग की गई। इस पर अदालत ने कहा कि पहले आप जेल का खाना खाइए, सही नहीं रहा, तब विचार होगा। मेडिकल कंडीशन को देखते हुए बेड की भी मांग की गई थी, कोर्ट ने इसकी इजाजत दे दी। मालूम हो कि अनिल देशमुख की ईडी की हिरासत सोमवार को ही खत्म हुई थी।

कंगना के खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज करने व पद्मश्री वापस लेने की मांग

दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली महिला आयोग एक्ट्रेस कंगना रनोट के आजादी वाले बयान को लेकर विरोध में आ गया है। आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने कंगना को दिए गए पद्मश्री पुरस्कार को वापस लेने और राजद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को चिट्ठी लिखी है। कंगना ने बीते दिनों एक टीवी चैनल पर देश की स्वतंत्रता पर विवादास्पद बयान दिया था। उन्होंने अपने बयान में कहा था कि भारत को असली आजादी 2014 में मिली है और 1947 में देश को आजादी नहीं भीख मिली थी। दिल्ली महिला आयोग की

अध्यक्ष मालीवाल ने अपने चिट्ठी में लिखा कि एक्ट्रेस ने अपने बयान से देश के स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान किया है। उनके इन बयानों से पता चलता है कि उनके अंदर भगत सिंह, महात्मा गांधी जैसे हमारे अनेक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रति कितनी नफरत भरी हुई है। जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपनी जान दे दी। हम सभी को पता है हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान के कारण ही हमें ब्रिटिश हुकूमत से आजादी मिली है।

राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह आज रायपुर में

रायपुर। पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह

16 नवंबर मंगलवार को दोपहर 12 बजे इंडिगो की नियमित विमान सेवा से भोपाल से रायपुर पहुंचेंगे। दोपहर 12.15 रायपुर से खैरागढ़ के लिये रवाना होंगे। शाम 4.30 बजे खैरागढ़ से डोंगरगढ़ के लिये रवाना होंगे एवं शाम 6.17 बजे ट्रेन द्वारा डोंगरगढ़ से भोपाल के लिए रवाना होंगे।

चीन में कोरोना की नई लहर यूनिवर्सिटी कैम्पस हुआ सील

1500 छात्रों को किया गया आइसोलेट

नई दिल्ली (एजेंसी)। जिस चीन से कोरोना वायरस निकला, वहां एक बार फिर से इसका प्रकोप देखने को मिल रहा है. चीन की एक यूनिवर्सिटी में कोरोना का संक्रमण बढ़ने के बाद वहां के करीब 1,500 से ज्यादा छात्रों को होटल्स में आइसोलेट कर दिया गया है. न्यूज एजेंसी के मुताबिक, चीन के दालियान प्रांत के नॉर्थ-वेस्टर्न सिटी में स्थित झुंगाझे यूनिवर्सिटी में रविवार को कोरोना के दर्जनों मामले सामने आए थे. इसके बाद यूनिवर्सिटी कैम्पस को सील कर दिया गया है, साथ ही छात्रों को निगरानी के लिए होटल में भेज दिया गया है. छात्र वहीं से ऑनलाइन क्लास अटेंड कर रहे हैं और उन्हें कमरे



में ही खाना दिया जा रहा है. चीन लगातार कोरोना को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रहा है. जहां भी कोरोना के थोड़े से भी मामले सामने आते हैं, चीन तुरंत उस इलाके में लॉकडाउन लगा देता है. क्वारनटीन, टेस्टिंग और ट्रैवल पर रिस्ट्रिक्शन वहां की ज्यादातर आबादी के लिए अब न्यू नॉर्मल बन गया है. चीन में कोरोना के खिलाफ वैक्सीनेशन अभियान भी तेजी से चला है. दावा है कि वहां दुनिया में सबसे ज्यादा वैक्सीन डोज लगाई गई हैं. इसके साथ ही अब वहां बूस्टर डोज भी लगाने की तैयारी चल रही है. हाल ही में हेल्थ वर्कर्स ने क्वारनटीन किए गए एक शख्स के पालतू कुत्ते को मार डाला था, जिसको लेकर भी वहां काफी विवाद बढ़ गया था. ये घटना शंगराओ में हुई थी. इसके बाद वहां की लोकल अथॉरिटी ने एक बयान जारी किया था, जिसमें दावा किया था कि कुत्ते के मालिक और हेल्थ वर्कर्स के बीच समझौता हो गया है।

विदेशी यात्रियों को राहत

99 देशों के यात्रियों को भारत आने पर नहीं रहना होगा क्वारैंटाइन

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने सोमवार को अमेरिका, ब्रिटेन, यूएई, कतर, फ्रांस और जर्मनी सहित 99 देशों के लोगों को देश में एंट्री की छूट दे दी। इसके तहत इन 99 देशों के यात्रियों का कोरोना वैक्सीनेशन पूरा हो गया है तो उन्हें अब यहां क्वारैंटाइन रहने की जरूरत नहीं होगी। भारत ने पिछले साल मार्च में टूरिस्ट वीजा सस्पेंड कर दिया था। इसके बाद 15 अक्टूबर से चार्टर्ड प्लेन की अनुमति देकर इसे फिर से शुरू किया था। नए नियम के अनुसार इन 99 देशों (जिसे कैटेगरी ए कहा जाता है) के यात्रियों को भारत के लिए रवाना होने से पहले 72 घंटों के भीतर कोरोना की नेगेटिव रिपोर्ट एयर सुविधा पोर्टल पर अपलोड करनी होगी।

ये देश भी भारत को दे रहे छूट

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इन 99 देशों में ऐसे देश हैं, जिनका भारत के साथ कोरोना को लेकर जारी प्रतिबंधों पर छूट को लेकर समझौता है। इसके अलावा इसमें ऐसे देश भी हैं, जिनका भारतीयों को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त या डब्ल्यूएचओ से मान्यता प्राप्त वैक्सीन लगने के सर्टिफिकेट को मान्यता देने का समझौता है। मंत्रालय के मुताबिक, इन 99 देशों को कैटेगरी में रखा गया है।

कई देशों को एट रिस्क कैटेगरी में रखा : कुछ देशों को भारत ने एट रिस्क (कोविड के लिहाज से) ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पुलिस-नक्सली मुठभेड़, एक नक्सली ढेर

रायपुर। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर से पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हई है। इस मुठभेड़ में एक वर्दीधारी नक्सली ढेर हो गया है। बताया गया है कि जवान जंगल की ओर एरिया डोमिनेशन पर निकले हुए थे, तभी नक्सलियों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में जवानों ने एक 10 लाख का इनामी नक्सली को ढेर कर दिया। उसका शव भी बरामद कर लिया है। मामला छोटेडोंगर थाना क्षेत्र है। जानकारी के मुताबिक, DRG के जवान सोमवार सुबह एरिया डोमिनेशन पर छोटेडोंगर जंगल की ओर निकले थे। इसी दौरान वहां पहले से कुछ नक्सली पहाड़ों के नीचे मौजूद थे।

नया बस स्टैंड... 41 साल बाद राजधानी का पंडरी बस स्टैंड हुआ वीरान, 25 एकड़ में बना आईएसबीटी

भाठागांव बस टर्मिनल से शुरु हुई बसों की आवाजाही

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में विगत दो महीनों से जारी भाठागांव नए बस टर्मिनल में शिफ्टिंग की मियाद के साथ ही रस्साकशी का दौर सोमवार को समाप्त हो गया। रायपुर में बस स्टैंड का नया पता अब भाठागांव अंतर्राज्यीय बस स्टैंड हो चुका है। विगत ढाई दशकों से पंडरी बस स्टैंड लोगों की जुबान पर बसा हुआ था, लेकिन अब प्रदेश के साथ ही अन्य प्रदेश के लोगों को भी अपनी आदत को सुधारने की जरूरत है।

उल्लेखनीय है कि भाठागांव स्थित नए बस टर्मिनल का उद्घाटन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 20 अगस्त 2021 को कर दिया था। इसके बाद से निगम प्रशासन लगातार बस संचालकों से मान-मनौव्वल कर रहा था कि बसों का संचालन नए टर्मिनल से शुरु किया जाए, लेकिन बस संचालक इस बात को मानने तैयार नहीं थे और पंडरी बस स्टैंड से ही संचालन पर अड़े हुए थे, जिसमें बस स्टैंड के व्यापारियों का भी समर्थन उन्हें मिल रहा था। बस संचालकों के नहीं मानने पर आखिरकार रायपुर कलेक्टर को सख्ती दिखानी पड़ी। उन्होंने शिफ्टिंग का आदेश जारी करते

हुए 14 नवंबर 2021 तक की अंतिम तिथि घोषित कर दी, इसके बाद भी बात नहीं मानने पर प्रशासनिक रवैया अख्तियार करने का भी अल्टीमेटम दे दिया था।

राजधानी रायपुर में सोमवार से भाटागांव के नए बस टर्मिनल की शुरुआत कर दी गई है। सुबह से ही यात्रियों के लिए नया बस स्टैंड से बसें प्रदेश के तमाम शहरों के लिए रवाना हुई। अब रायपुर के भाटागांव के नए बस टर्मिनल के शुरू होते ही लगभग 41 सालों से पंडरी के बस स्टैंड कैंपस पूरी तरह से सूना दिखाई दिया। इसे जिला प्रशासन ने पूरी तरह से सील कर दिया है।

गौरतलब है कि श्री बालाजी स्वामी ट्रस्ट श्री दूधाधारी मठ से मिली 25 एकड़ जमीन पर अंतरराज्यीय बस टर्मिनल का निर्माण किया गया है। लगभग 49 करोड़ रुपए की लागत से बने इस भव्य बस स्टैंड की चार मंजिला इमारत में 104 कमरे बने हैं।नए कैंपस में ऑफिस, दुकानें, परिवहन कार्यालय, फूड कोर्ट, वेटिंग रूम, फूड स्टॉल, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ऐसा होगा बसों का रुट

बलौदा बाज़ार- भाटापारा से आने वाली बस विधानसभा- रिंग रोड 3 - राजू ढाबा- तेलीबांधा - पचपेड़ी नाका - नया बस स्टैंड

महासमुंद - सरायपाली से आने वाली बस मंदिर हसौद - तेलीबांधा - पचपेड़ी नाका - नया बस स्टैंड

बिलासपुर-सरगुजा-जशपुर से आने वाली बस भनपुरी - हीरापुर - टाटीबंध - नया बस स्टैंड

भिलाई-दुर्ग-राजनांदगांव से आने वाली बस टाटीबंध - नया बस स्टैंड

बस्तर-धमतरी- राजिम से आने वाली बस पचपेड़ी नाका-नया बस स्टैंड

सीबीआई-ईडी के चीफ का कार्यकाल बढ़ाने का मुद्दा टीएमसी ने राज्यसभा में उठाया

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के चीफ का कार्यकाल बढ़ाने का विपक्षी दल विरोध कर रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने इसे लेकर राज्यसभा में वैधानिक प्रस्ताव पेश किया है। दरअसल, सीबीआई और ईडी के प्रमुखों के कार्यकाल को बढ़ाकर 5 साल तक करने के लिए केंद्र सरकार अध्यादेश लाई है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने दोनों अध्यादेशों पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। मौजूदा समय में केंद्रीय एजेंसियों के प्रमुखों का कार्यकाल 2 साल का होता है।

न्यूज गैलरी

निर्वाचन से संबंधित कार्यों के लिए निगम आयुक्त ने कर्मचारियों की लगाई ड्यूटी

भिलाई नगर (नव प्रदेश)। नगर पालिक निगम भिलाई आम निर्वाचन 2021 के अंतर्गत निर्वाचन से संबंधित संपूर्ण प्रकार के कार्यालयीन कार्यों का सफलतापूर्वक निष्पादन करने के लिए निगम मुख्यालय एवं जोन कार्यालय के 25 अधिकारी/कर्मचारियों की ड्यूटी अस्थाई तौर पर जनगणना शाखा में लगाई गई है। नियुक्त कर्मचारी अपनी उपस्थिति जनगणना शाखा में देंगे। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने नोडल अधिकारी की भी नियुक्ति कर दी है। नोडल अधिकारी एन.आर. रत्नेश राजस्व अधिकारी को संपूर्ण निर्वाचन कार्य के लिए बनाया गया है। निर्वाचन से संबंधित संपूर्ण प्रकार के कार्यालयीन कार्यों के लिए जयकुमार जैन राजस्व निरीक्षक, पतिराम बरेठ प्रभारी राजस्व निरीक्षक, सुनील नेमाडे सर्वेयर, सत्यनारायण कौशिक राजस्व निरीक्षक, बंछोर लाल कोसरे सहायक ग्रेड 2, रीता चतुर्वेदी सहायक ग्रेड 2, भूपेश्वर देशमुख सहायक ग्रेड 2, नवीन कुमार साहू सहायक ग्रेड 2, दिनेश बेलचंदन राजस्व लिपिक, संतोष पांडे राजस्व लिपिक, इंद्रमणि पटेल स्वच्छता पर्यवेक्षक, दिलीप हूमने सहायक राजस्व निरीक्षक, ओमकार यादव डाटा एंट्री ऑपरेटर, दिलीप गायकवाड सहायक ग्रेड 3, ईश्वरी लाल चंद्राकर दफ्तरी, श्रीकांत यादव वार्ड भृत्य, चौधरी महानंद भृत्य, हीरालाल ध्रुव भृत्य, अलख राम यादव सफाई कामगार, के. विजय प्रोसेस सर्वर, मनीराम भृत्य, गोपाल यादव भृत्य, गजेंद्र कुमार कंप्यूटर ऑपरेटर, धनेंद्री नेताम कंप्यूटर ऑपरेटर एवं भानु प्रताप सिंह राजपूत कंप्यूटर ऑपरेटर की ड्यूटी लगाई गई है।

क्षत्रिय लोणारी कुनबी समाज के अध्यक्ष बने शंकर

दुर्ग (नव प्रदेश)। क्षत्रिय लोणारी कुनबी समाज भिलाई नगर छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष पद हेतु कल चुनाव सम्पन्न हुआ।ज्ञात हो कि क्षत्रिय लोणारी कुनबी समाज सन अस्सी से सक्रिय हैं। अनिल भोसले एवं शंकर वराठे दो उम्मीदवार अध्यक्ष पद के चुनाव हेतु खड़े हुए। समाज के प्रियदर्शनी नगर भवन में सुबह से गहमागहमी रही। कोरबा धमतरी रायपुर एवं दुर्ग भिलाई से 300 से अधिक संख्या में सदस्य उपस्थित हुए। दोनों पक्षों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।कुछ मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में नहीं होने से चुनाव अधिकारी विजय गावंडे के पास आपत्तियां दर्ज की। चुनाव अधिकारी ने समाधान करते हुए सभी मतदाताओं को वोट डालने दिया। मतदाताओं ने 266 वोट डाले, जिसमें 155 वोट शंकर वराठे को एवं 111 वोट अनिल भोसले को मिले।शंकर वराठे की लोकप्रियता के कारण उन्हें बहुमत मिला और 44 वोटों के अंतर से शंकर वराठे को चुनाव अधिकारी ने अध्यक्ष पद हेतु विजयी घोषित किया। समर्थकों ने जोरदार जश्न मनाया।

रासायनिक खाद छोड़ जैविक खेती से जुड़ रहे है, जिले के किसान

दुर्ग (नव प्रदेश)। शासन कि योजना नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी किसानों के जीवन में रंग लाने लगी है। गोधन न्याय योजना के अंतर्गत खरीदे जाने वाले गोबर से जो वर्मी और कंपोस्ट खाद बनाये जा रहे हैं, उसी का परिणाम है कि जिले के किसान पुनः जैविक खेती से जुड़ रहे है। परंपरागत कृषि का विकास हो इसके लिए प्रशासन के द्वारा सकारात्मक कदम उठाये जा रहे है। इस वर्ष रासायनिक खादों के कच्चे माल की आपूर्ति से बाजार में रासायिनक खाद की कमी थी, लेकिन शासन कि दूर दृष्टिता के चलते जिले के किसानों के लिए वर्मी एवं कंपोस्ट खाद की उपलब्धता पर्याप्त माक्षा में थी जिसके चलते किसान ने बिना किसी बाधा के जैविक खेती की। वर्तमान में जिले के सभी पंचायतों में किसान चौपाल का आयोजन भी किया गया था। जिसमें किसानों की खेती संबंधित समस्याओं को सुनकर उसका निदान करने का प्रयास भी किया गया था और कृषकों को बीज के साथ-साथ जैविक खेती से संबंधित जानकारियां भी मुहैया कराई गई थी। कृषि समन्वयकों द्वारा वर्मी कंपोस्ट खाद में केचुएं के महत्व को किसानों को बताया गया कि कैसे केचुएं भूमि की मिट्टी को लगातार पल्टकर मिट्टी की उर्वरक क्षमता को बढ़ाते हैं।

1 जनवरी 2022 की स्थिति में 18 वर्ष पूरा करने वाले व्यक्ति भी जुड़वा सकते है मतदाता सूची में नाम

दुर्ग (नव प्रदेश)। 1 जनवरी 2022 की स्थिति में 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के लोग जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं वे अपना नाम जुड़वा सकते हैं। इसके लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा ने बताया कि निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अपेक्षित अहर्ता पूरी करने वाले तहसील कार्यालय में अथवा एनवीएसपी डाट इन में अथवा प्ले स्टोर में जाकर वोटर हेल्पलाइन में आवेदन दे सकते हैं। इसके साथ ही वे नाम काटने अथवा संशोधन के आवेदन भी कार्यालयीन दिवस में तहसील कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 30 नवंबर तक कार्यालयीन दिवसों में सभी मतदान केंद्रों में दावा-आपत्ति प्राप्त करने का कार्य किया जावेगा। विशेष अभियान दिवस के तहत् 21 नवंबर दिन रविवार को भी दावा आपत्ति प्राप्त करने का कार्य किया जाएगा।

भूपेश बघेल के समर्थन में उमड़ा जन सैलाब

मोदी सरकार में रसोई गैस महंगी, पेट्रोल-डीजल सेंचुरी पार- भूपेश बघेल

■ **बहुत हुयी महंगाई की मार, बस करो मोदी सरकार卐 - मोहन मरकाम**

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। बढ़ती महंगाई केन्द्र सरकारी नाकामियों के खिलाफ कांग्रेस के द्वारा जन जागरण अभियान पदयात्रा की शुरूआत भिलाई से हुआ। यह जन जागरण पदयात्रा 14 से 29 नवंबर तक प्रदेश के सभी जिलों और ब्लाकों में चलाई जायेगी। भिलाई से पदयात्रा की शुरूआत में आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सचिव डॉ. चंदन यादव, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम भिलाई के रामलू चौक पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुरूआत किया। भिलाई के पहले दिन की पदयात्रा रामलू चौक से छावनी तक हुयी। जो छावनी में एक विशाल जन सभा में परिवर्तित हो गयी।

इस अवसर पर सभी को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि देश भर में बढ़ती महंगाई से हर वर्ग हताश है। हर तबका परेशान है। आमदनी कम और खर्चा दुगुना हो गया है। देश भर के लोग विपक्षी दल के लोग केन्द्र के खिलाफ सड़क पर उतर आये है। रसोई गैस महंगी है, डीजल-पेट्रोल सेंचुरी लगा रहे है, स्मृति ईरानी, हेमा मालिनी, सरोज पाण्डेय, सिलेंडर लेकर धरने पर बैठती थी। अब इनकी बोलती क्यों बंद है। जनता महंगाई से इतनी आक्रोशित है जहां भाजपा सत्ता में है वहां उपचुनाव में भाजपा का सुपड़ा साफ हो गया। तब पेट्रोल-डीजल से एक्साईज सिर्फ 5 रू. और 10 रू. कम किया। आने वाले 5 राज्यों के चुनाव में भाजपा को निपटा दो पेट्रोल डीजल का रेट आधा हो जायेगा। भाजपा के लोग केवल राजनीति करना जानते है, काम करना नही। यह इनका गुजरात मॉडल है, महंगाई चरम पर है, बेरोजगारी देश में छत्तीसगढ़ मॉडल चलेगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि महंगाई के खिलाफ जन जागरण अभियान के सभा को संबोधित करते हुये केन्द्र सरकार पर जमकर बरसे। मोदी भाजपा को उनको नारा याद दिलाये। बहुत हुयी महंगाई की मार अब की बार मोदी सरकार लेकिन ठीक नारा के विपरित मोदी भाजपा की सरकार पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, खाद्य समाग्रीयों के दामों में बेतहाशा वृद्धि कर आम जनता के उपर महंगाई की कुठाराघात कर रही है। अब हमारा नारा है ÷बहुत हुयी महंगाई की मार, बस करो मोदी सरकार, गद्दी छोड़ो मोदी सरकार।

पदयात्रा के दौरान विधायक देवेंद्र यादव के साथ सीएम ने लिया जलेबी चौक की जलेबी का स्वाद

भिलाई (नव प्रदेश)। महंगाई के खिलाई सीएम भूपेश बघेल ने पद यात्रा की शुरूआत की। पदयात्रा करते हुए सीएम भूपेश बघेल भिलाई के जलेबी चौक पहुंचे। जहां विधायक देवेंद्र यादव के साथ सीएम सहित प्रदेश के कई मंत्रियों ने जलेबी चौक की प्रसिद्ध जलेबी का स्वाद चखा।

जीजाबाई महिला मंडल का दीपावली मिलन समारोह संपन्न

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जीजाबाई महिला मंडल भिलाई नगर द्वारा 14 नवंबर 2021 को दीपावली मिलन समारोह एवं बाल दिवस का कार्यक्रम महाराष्ट्र मंडल सेक्टर 4 में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती सोनाली देशमुख ने की एवं मुख्य अतिथि श्रीमती मधुबाला माकोड़े देशमुख बैतूल ,(मध्य प्रदेश) से पधारी थी। विशिष्ट अतिथि निर्णायक के रूप में श्रीमती नविता ताड़गे एवं श्रीमती प्रीतिशा पांसे को रायपुर से आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। अतिथियों एवं पूर्व अध्यक्षों का स्वागत जीजाबाई की स्मृति चिन्ह एवं पौधों के द्वारा भेंट कर किया गया। अरुणा फटे एवं अभिलाषा गीद् द्वारा गणेश वंदना पर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति की गई। कविता दाते, मीना पाटणकर,सविता धोटे, संगीता धोटे एवं सुरेखा धोटे द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किए गए। स्वागत उद्बोधन अध्यक्षा श्रीमती सोनाली देशमुख द्वारा किया गया ।वार्षिक प्रतिवेदन सचिव श्रीमती लीना वराठे द्वारा दिया गया ।बाल दिवस के उपलक्ष्य में बच्चों के फैंसी ड्रेस, एकल नृत्य , गायन प्रस्तुति तथा समूह नृत्य की प्रस्तुति की गई। जिसमें सिद्धा धोटे की प्रस्तुती प्रसंशनीय रही। महिलाओं द्वारा एकल गायन एकल नृत्य एवं समूह नृत्य की प्रस्तुति की गई। एकल गायन में विभा वाघमारे ने प्रथम स्थान एवं कविता दरवाई ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा नृत्य प्रतियोगिता में वंदना पाटणकर ने प्रथम एवं योगिता सोनारे ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सहभोज के पश्चात क्वीन ऑफ द प्रोग्राम का आयोजन भी किया गया जिसमें श्रीमती योगिता सोनारे को क्वीन ऑफद प्रोग्राम चयनित किया।

धन्वंतरी मेडिकल स्टोर में प्रतिदिन की बिक्री में हुआ इजाफा

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई नगर। श्री धन्वंतरी मेडिकल स्टोर योजना के तहत दवाई दुकानों में प्रतिदिन के बिक्री में इजाफा हो रहा है, जहां पहले 30 से 40 ग्राहक मेडिकल स्टोर में पहुंच रहे थे अब यह आंकड़ा 100 के पार हो रहा है क्योंकि 55त्न की छूट के साथ लोगों को दवाइयां मिल रही है! वही मेडिकल स्टोर से प्रतिदिन 5000 से 12000 की दवाइयों का विक्रय हो रहा है, निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे अचानक रात्रि में 8:00 बजे भगवा चौक स्थित मेडिकल स्टोर पहुंचे, वहां उन्होंने उपस्थित ग्राहकों से क्रय की गई दवाइयों के बारे में जानकारी ली, ग्राहकों ने बताया कि जो दवाइयां हमें एमआरपी पर मिलती थी, वही दवाइयां अब हमें एमआरपी से 55त्न की छूट के साथ मिल रही है। आगे ग्राहकों ने बताया कि जेनेरिक दवाइयां सस्ती दरों में मिलने के कारण हम धनवंतरी स्टोर से ही दवाइयां खरीद रहे हैं, कई तो रेगुलर ग्राहक बन गए हैं। निगमायुक्त सर्वे ने भी मेडिकल स्टोर से खरीदी की, उन्होंने मेडिकल से सैनिटाइजर और हर्बल प्रोडक्ट खरीदे और शुल्क अदा किया। उल्लेखनीय है कि धन्वंतरी योजना के तहत भिलाई में तीन जेनेरिक मेडिकल स्टोर खुल चुके हैं। भगवा चौक कुरूद, पावर हाउस बस स्टैंड के सामने मदर्स मार्केट एवं शास्त्री मार्केट मेडिकल लाइन में ग्राहकों का खरीदारी को लेकर अच्छा रिस्पांस मिल रहा है, इसके अलावा दो और मेडिकल स्टोर भी जल्द खुलने वाले हैं।

सेल-बीएसपी में मनाया गया जनजातीय गौरव दिवस

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में 15 नवंबर, 2021 को शहीद बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर शहीद बिरसा मुंडा और आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को श्रद्धांजलि देकर 'जनजातीय गौरव दिवस' मनाया गया। इस्पात भवन में संयंत्र के निदेषक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता, ईडी (माइन्स एवं रावघाट), श्री मानस बिश्वास, ईडी (एमएम) श्री राकेश, सीजीएम इंचार्ज (एफ एंड ए) श्री ए के पांडा, सीजीएम (कार्मिक) सुश्री निशा सोनी और अन्य वरिष्ठ अधिकारीगणों ने शहीद बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण किया। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में जनजाति गौरव दिवस मनाया जा रहा है।

ब्लॉस्ट फर्नेस एवं एसजीपी विभाग में जवाहरलाल नेहरु समूह पुरस्कार वितरित

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लॉस्ट फर्नेस एवं एसजीपी विभाग में 15 नवम्बर, 2021 को कुल 30 कार्मिकों के चार समूह को ब्लास्ट फर्नेस-8 के सीसीआर के सभागार में जवाहर लाल नेहरु समूह पुरस्कार-2020 से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित ब्लााास्ट फर्नेस के विभागाध्यक्ष व मुख्य महाप्रबन्धक श्री तापस दासगुप्ता के द्वारा सभी चयनित कार्मिकों को उनके विषिष्ट एवं सराहनीय कार्य के लिए बधाई दी गई तथा भविष्य में भी इसी उत्साह एवं समर्पण के साथ कार्य करते हुए संयंत्र के उत्पादन में अपनी एवं सहकर्मियों की भागीदारी सुनिष्चित करने के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा सभी चयनित कार्मिकों को प्रमाणपत्र दिया गया। समारोह में ब्लास्ट फर्नेस एवं एसजीपी विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

इस समारोह में पुरस्कृत होने वाले प्रथम समूह के सदस्य सर्वश्री दिनेष कुमार राव (वरिष्ठ प्रबन्धक), कीर्ति हरी षर्मा (मास्टर टेक्नीषियन), एस अनिकुर रहीम (चार्जमेन कम मास्टर ऑपरेटिव), हीरालाल साहू (मास्टर टेक्नीषियन), मीनार सिंह मरई (मास्टर ऑपरेटर), गोपाल राम (मास्टर टेक्नीषियन), विवके कुमार सिंह (ओसीटी) एवं जनक राम (एसीटी) थे। द्वितीय समूह के सदस्य सर्वश्री देव नारायण देवांगन (सहायक महाप्रबन्धक), लोक प्रकाश धोटे , कुंजलाल ध्रुवे , ऋषिकांत बंजारे एवं ओसीटी रविन्द्र ठाकुर, तेजेन्द्र कल्याणी, विद्याचरण लहरे थे। तृतीय समूह के सदस्य सुश्री श्रद्धा सिंग, सर्वश्री मनोज कुमार मौर्या , सुरेष कुमार साहू, खिलेष्वर प्रसाद वर्मा, , सुरेन्द्र कुमार रावटे एवं ओसीटी शंकर हंसदाह, दिलीप कुमार षर्मा व संजय कुमार साहू थे। चतुर्थ समूह के सदस्य सर्वश्री सुरजीत कुमार पाल , थॉमस वर्गीस (मास्टर ऑपरेटर), श्रीराम ठाकुर (मास्टर टेक्नीषियन), गिरधारी राम मेरीहरे (ओसीटी), अभिषेक गुप्ता, (ओसीटी), सुषील नायक (ओसीटी), बंसत कुमार खुरवंषी (एसीटी) थे।

क्रेडिट कार्ड दिलवाकर खाते से बेवजह कटे 91 हजार

■ **कलेक्टर से मिलकर प्रार्थी ने दोषियों पर कार्रवाई कर रकम वापस दिलाने की माँग की**

■ **उद्योगों में स्थानीय श्रमिकों को अवसर देने ग्रामीणों ने किया आवेदन**

दुर्ग (नवप्रदेश)। कलेक्टर जनदर्शन में आज एक प्रार्थी ने क्रेडिट कार्ड खुलवाने के नाम पर धोखे की शिकायत की। प्रार्थी का कहना था कि बैंक के दो कर्मचारियों ने उन्हें जोर देकर क्रेडिट कार्ड खुलवाया। कहा कि किसी तरह का कोई चार्ज नहीं लगेगा। इसके बाद कुछ और कम्युनिकेशन हुए और खाते से 91 हजार रुपए कट गये। प्रार्थी ने कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे से क्रेडिट कार्ड दिलाने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई करने एवं इनसे रकम वापस दिलवाने की माँग का आवेदन दिया।

कलेक्टर जनदर्शन में आज नये स्थापित हो रहे, उद्योगों में स्थानीय श्रमिकों को अवसर देने संबंधी आवेदन ग्रामीणों ने किया। कुम्हारी-चरौदा में स्थापित होने जा रहे एक पावर प्लांट के संबंध में ऐसी माँग रखी गई। ग्रामीणों ने कहा कि गांव में हुनरमंद युवा हैं, इन्हें सोलर पावर प्लांट में रोजगार मिला तो वे बेहतर कार्य कर सकते हैं। जनदर्शन में आज कुछ सामाजिक संस्थाओं ने भूमि आवंटन के संबंध में भी माँग रखी। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने सभी माँगों को ध्यानपूर्वक सुनकर नियमानुसार इन पर कार्रवाई करने के लिए लोगों को आश्वस्त किया। आज जनदर्शन में 48 आवेदन आये। आने वाले आवेदनों में अनेक आवेदन ग्रामीण क्षेत्रों और शहरी क्षेत्रों में अधोसंरचना और बुनियादी सुविधाओं से संबंधित थे। इन पर कार्रवाई करते हुए कलेक्टर ने कहा कि इन आवेदनों का शीघ्र ही परीक्षण कराया जाएगा तथा इसके उपरांत प्रशासकीय स्वीकृति की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जनदर्शन में आज कुछ आवेदन पेंशन से संबंधित भी आए। कलेक्टर ने मौके पर ही समाज कल्याण अधिकारियों से इनका परीक्षण करने कहा।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा पत्र

रा.प्र.क्र./रजि. नंबर 202110100400122
पक्षकार का नाम- हुक्मीचंद जैन

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक हुक्मीचंद जैन आ. सुरजमल जैन निवासी-सदर बाजार दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग द्वारा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/ 59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम- बघेरा प.ह.न 7/अ/48 तह.व जिला दुर्ग	252/59	0.015 हे. 1600 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 04.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा पत्र

रा.प्र.क्र./रजि. नंबर 202110100400121
पक्षकार का नाम- प्रियंका जैन

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक प्रियंका जैन पति योगेश कुमार जैन निवासी-सदर बाजार दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग द्वारा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/ 59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम- बघेरा प.ह.न 7/अ/48 तह.व जिला दुर्ग	252/60	0.015 हे. 1600 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 04.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय अति. तहसीलदार दुर्ग जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

अ-6 वर्ष/ 2021

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शीतल देवांगन पिता तुलसीराम देवांगन निवासी वार्ड-18 शक्ति नगर दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि ख.नं. 602/1 रकबा 0.6030 हे. भूमि को आम मुख्त्यार रमाकांत श्रीवास्तव पिता झुकुमलाल श्रीवास्तव से दिनांक 04/08/2021 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25/11/2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/11/2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक 08.11.2021
सुनवाई दिनांक 25.11.2021

सील
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अति. तहसीलदार दुर्ग जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

अ-6 वर्ष/ 2021

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सतीश कुमार साहू पिता प्रेमलाल साहू निवासी खुरसुनी अर्जुंदा जिला बालोद मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि ख.नं. 602/1 रकबा 0.6030 हे. भूमि को आम मुख्त्यार रमाकांत श्रीवास्तव पिता झुकुमलाल श्रीवास्तव से दिनांक 04/08/2021 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25/11/2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/11/2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक 08.11.2021
सुनवाई दिनांक 25.11.2021

सील
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा पत्र

रा.प्र.क्र./रजि. नंबर 202110100400120
पक्षकार का नाम- झंकारी बाई जैन

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका झंकारी बाई जैन पति हुक्मीचंद जैन निवासी-सदर बाजार दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग द्वारा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/ 59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम- बघेरा प.ह.न 7/अ/48 तह.व जिला दुर्ग	252/62	0.015 हे. 1600 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 04.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202111101000054/202111101000054
विषयः अ-6 सन्- 2020-2021

मामले की श्रेणी-राजस्व

जामुल प.ह.न. 00018 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार शुभम देवांगन
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शुभम देवांगन पिता/पति/ विभाग- लखनलाल देवांगन पता दुर्ग तह. व जिला दुर्ग ग्राम जामुल प.ह.न 18 रा.नि.म जामुल तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.न 1108/19 रकबा 0.114 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदिका का नाम नाबालिग दर्ज है। आवेदिका अभी वर्तमान में बालिग हो चुका है। जिसे बालिग दर्ज करने एवं आवेदिका के माता का नाम त्रुटिवश छूट गया है। जिसे दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पेश किए है।

उपरोक्त भूमि का नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 30.11.2021 तक या उसकेपूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.11.2021 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. 202111100600006

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक रामखिलावन आ. श्रीराम निवासी पचपेड़ी तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.), निवासी-पचपेड़ी तह. पाटन जिला दुर्ग छ.ग के द्वारा अपने भूमिस्वामित्व की भूमि ग्राम पचपेड़ी प.ह.न. 14 रा.नि.मं. भिलाई- 03 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 419/5 रकबा 0.0600 हें/ 6456 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 एवं धारा 59 के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि 22/11/21 तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09.11.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. 202111100600007

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक रामखिलावन आ. श्रीराम निवासी पचपेड़ी तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.), निवासी-पचपेड़ी तह. पाटन जिला दुर्ग छ.ग के द्वारा अपने भूमिस्वामित्व की भूमि ग्राम पचपेड़ी प.ह.न. 14 रा.नि.मं. भिलाई- 03 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 419/2 रकबा 0.0800 हें/ 8608 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 एवं धारा 59 के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि 22/11/21 तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09.11.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. 202110100600270 / अ-2

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री राकेश कुमार आ. मिश्रीलाल साहू निवासी राजेन्द्र नगर खुर्सीपार भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा अपने भूमिस्वामित्व की भूमि ग्राम फुण्डा प.ह.न. 22 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1016 रकबा 0.0800 हें/ 8611.12 वर्गफीट के व्यवसायिक प्रयोजन हेतु उपयोग किए जाने आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 एवं धारा 59 के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि 25/11/21 तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. 202111100600010

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक रामकिसुन आ. श्री रामाधीन व अन्य-1 निवासी पहंडोर तह पाटन व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा अपने भूमिस्वामित्व की भूमि खसरा नंबर 202/1 रकबा 0.0400 हें/ 4304 वर्गफीट भूमि ग्राम पहंडोर प.ह.न. 14 रा.नि.मं भिलाई-3 तह. पाटन जिला दुर्ग पर आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 एवं धारा 59 के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि 22/11/21 तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11.11.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

जनजातीय क्राफ्ट मेला से प्रदेश के कलाकारों-शिल्पकारों को मिलेगा लाभ : मंत्री डॉ. टेकाम

रायपुर/नवप्रदेश। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय टेकाम ने आज वीर जननायक बिरसा मुंडा की जयंती पर रायपुर के हाट बाजार पंडरी में राज्य स्तरीय तीन दिवसीय जनजातीय क्राफ्ट मेला का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि इस मेला के आयोजन से प्रदेश भर के कलाकारों और शिल्पकारों को लाभ मिलेगा। छत्तीसगढ़ की पहचान देश-विदेशों में पहुंचेगी और प्रदेश को नई पहचान मिलेगी। आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण नवा रायपुर द्वारा भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय के सहयोग से जनजातीय क्राफ्ट मेला का आयोजन 15 से 17 नवम्बर तक किया जा रहा है। मंत्री डॉ. टेकाम ने मेला उद्घाटन के अवसर पर विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन कर कलाकारों और शिल्पकारों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने स्टॉलों से उपयोग की सामाग्री भी खरीदी। मेला में 35 से अधिक स्टॉलों पर शिल्पकारों के उत्पादों का प्रदर्शन और उनके विक्रय की व्यवस्था रखी गई है।

तीन दिवसीय जनजातीय क्राफ्ट मेला का शुभारम्भ

देश-विदेशों में पहुंचेगी और प्रदेश को नई पहचान मिलेगी

मंत्री डॉ. टेकाम ने वीर जननायक बिरसा मुंडा की जयंती पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि आदिवासी क्षेत्रों में लोक कला एवं संस्कृति रची-बसी है। प्रदेश सरकार ने आदिवासी नृत्य महोत्सव के माध्यम से देश-विदेशों तक पहुंचाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि देश इस बार स्वतंत्रता दिवस का आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। भारत की आजादी के 75 साल होने पर पूरे 75 हफ्ते तक उत्सव मनाया जाएगा। इस उत्सव के कार्यक्रम एक साल पहले से हो रहे है और 15 अगस्त 2022 तक यह महोत्सव मनाया जाएगा। डॉ. टेकाम ने कहा कि जनजातीय क्राफ्ट मेला के आयोजन का उद्देश्य जनजातीय शिल्प एवं कला कौशल को संरक्षित रखना, इनका संवर्धन करना और जनजातीय कौशल को सामान्य जनों के बीच प्रचारित-प्रसारित करना है।

जनजातीय क्राफ्ट मेला के आयोजन का उद्देश्य जनजातीय शिल्प एवं कला कौशल

मंत्री डॉ. टेकाम ने कहा कि मेला में जनजातीय लोक कलाकारों-शिल्पकारों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने के साथ-साथ उनके विक्रय करने का अवसर मिलेगा। विभिन्न सांस्कृतिक दलों का प्रतिदिन यहां मंच पर प्रदर्शन होगा, जिसमें अपने सांस्कृतिक विचारों का आदान-प्रदान करने का भी अवसर भी प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि मेला में प्रदेश के बस्तर से लेकर सरगुजा के कलाकार-ल्पकारशि अपने उत्पादों और कला का प्रदर्शन करेंगे। बिलासपुर, गरियाबंद, राजनांदगांव, जगदलपुर, नारायणपुर, अम्बिकापुर, जशपुर, दुर्ग, गरियाबंद, धमतरी आदि जिलों के कलाकार, शिल्पकार, नृतक दल शामिल होंगे। मेला में जूट, काष्ठ कला, लोह कला, बांस शिल्प, ढोकरा आर्ट, भित्ती चित्र, गोदना आदि के स्टॉल में प्रदर्शन किया जाएगा। मेले में आने वाले लोगों को इसकी जानकारी दी जाएगी, स्थानीय जन सामान्य भी आदिवासी संस्कृति, परम्परा से परिचित हो सकेंगे। विभिन्न जनजातियों के लोक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

लोह कला, बांस शिल्प, ढोकरा आर्ट, भित्ती चित्र, गोदना आदि के स्टॉल में प्रदर्शन किया जाएगा

कार्यक्रम को सचिव अनुसूचित जाति एवं जनजाति श्री डी.डी. सिंह और आयुक्त श्रीमती शम्मी आबिदी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रबंध संचालक हस्तशिल्प विकास बोर्ड श्री सुधाकर खलखो सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री बघेल ने प्रदेशवासियों को देवउठनी एकादशी की दी बधाई

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को देवउठनी एकादशी और तुलसी विवाह की बधाई और शुभकामनाएं दी है। बघेल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि देवउठनी एकादशी का दिन शुभ और मंगलकारी माना गया है। इसे देव उत्थान एकादशी और देव प्रबोधिनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। हिन्दुओं में इस दिन से सारे मांगलिक कार्यों की शुरूआत की जाती है। छत्तीसगढ़ में देवउठनी एकादशी का पर्व बहुत उत्साह और उमंग से मनाया जाता है। एकादशी के पावन अवसर पर उन्होंने कामना की है कि एकादशी का त्यौहार सबके जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए और सब के मंगल कार्य पूर्ण हों।

नशीली दवा व चाकू के साथ एक गिरफ्तार, 188 नग टेबलेट जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। नशे के खिलाफ पुलिस ने अभियान छेड़ा है। रविवार को रायपुर के फाफाडीह क्षेत्र में नशीली दवा बेचते गंज पुलिस ने एक आरोपित अब्दुल आदिल को गिरफ्तार किया। उसके पास से पुलिस ने 188 टैबलेट नशे की दवा बरामद किया। तलाशी में कमर में छुपा कर रखा चाकू भी बरामद किया। पुलिस ने पूछताछ के बाद अपराध दर्ज किया है। सूचना मिलने के बाद नशीली दवाओं के बेचने वाले आदिल को पकड़ने के लिए एक पुलिसकर्मी को सादे वेश में भेजकर दवा खरीदवाई। जैसे ही आरोपी दवा देने लगा पास में खड़ी पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपित ने साहूपारा फाफाडीह गंज रायपुर का निवासी बताया और काफी दिनों से दवा बेचने की बात कबूल की।

मां के साथ पैदल जा रही मासूम को हाईवा ने रौंदा, जांच में जुटी पुलिस

रायपुर/नवप्रदेश। मां के साथ पैदल आ रही लड़की को तेज रफ्तार हाईवा ने ठोकर मार दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई । मामले की रिपोर्ट टिकरापारा थाने में दर्ज कराई गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम सरवा थाना कसड़ोल जिला बलौदा बाजार हाल सेक्टर 4 कमल विहार लालपुर निवासी श्रीमती कुंती यादव 28 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि सोमवार सुबह 6.30 बजे पीड़िता अपनी मासूम बेटी कुमारी सीमा के साथ रोड की ओर पैदल गई थी तभी तेज रफ्तार अज्ञात हाईवा ने ठोकर मार दिया। जिससे कुमारी सीमा की मौके पर ही मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात हाईवा चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

बिरसा मुंडा संघर्ष के महानायक और गरीबों के भगवान थे : डॉ. रमन सिंह

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह ने वीर बिरसा मुंडा की जयंती पर ट्वीट कर उन्हें नमन किया है। डा. सिंह ने कहा कि जननायक वीर बिरसा मुंडा स्वाधीनता के जनजातीय संघर्ष के महानायक और गरीबों के भगवान थे। उन्होंने सुधारवादी आंदोलनों से आदर्श प्रस्तुत किये। अंग्रेजों के दमन और अत्याचार के विरूद्ध उन्होंने आदिवासियों के हक के लिए लड़ाई लड़ी। भाजपा उपाध्यक्ष ने एक अन्य ट्वीट में आज देश एवं प्रदेशवासियों को देवउठनी एकादशी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने तुलसी माता से सभी की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की।

छग शिवसेना बेरोजगार किसान मोर्चा रैली 16 व 17 नवंबर को

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शिवसेना बेरोजगार किसान मोर्चा 16 एवं 17 नवंबर को सरायपाली बसना, पिथौरा, महासमुंद, बागबाहरा आदि के लिए 11 सूत्रीय मांगों को लेकर रैली निकालेगा। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में संस्था के प्रदेश सचिव संजय नाग एवं अन्य पदाधिकारियों ने दी। पत्रकारवार्ता में नाग ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में गौ हत्या पर प्रतिबंध एवं गो हत्या करने वालों पर हत्या का मामला दर्ज किया जाए, प्रदेश में लगातार हो रहे धर्मांतरण का विरोध कर रोकना एवं घर वापसी कार्यक्रम को मान्यता दी जाए, गरीब मजदूर निम्न वर्ग के लोगों के लिए शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार एवं अन्य मूल समस्याओं का निराकरण किया जाए। इसमें व्यय होने वाली लागत राशि का व्यय उठाने के लिए शिवसेना प्रतिबद्ध है, प्रदेश में जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू किया जाए। धान का समर्थन मूल्य खरीदी सरकार की घोषणा के अनुरूप हो, प्रदेश में बढ़ती महंगाई पेट्रोल, डीजल (वेट टैक्स कम करें) एवं खाद्य सामाग्री की बढ़ती कीमतों को रोकने के लिए विशेष उपाय कर रसोई गैस की कीमतों में कमी की जाए, टोल नाकों पर प्रदेश की गाड़ियों से सरकार टोल टैक्स लेना बंद करे।

छत्तीसगढ़ के प्रथम अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मेलन असोमाकॉन 2021 का हुआ आयोजन

■ कैंसर, शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में बढ़ा कदम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के प्रथम अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मेलन असोमाकॉन 2021 का आयोजन किया गया। यह प्री-कॉन्फ्रेंस वर्कशॉप 11 नवंबर 2021 से 14 नवंबर 2021 तक आयोजित की गई थी। इस सम्मेलन में 1500 से अधिक डाक्टरो व नर्सों ने ज्ञान अर्जन किया।

एशियन सोसाइटी ऑफ मास्टोलॉजी, असोमाकॉन 2021 के 5वें अंतर्राष्ट्रीय वार्षिक सम्मेलन में अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय दोनों वैज्ञानिक निकायों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। अमेरिका के सैन एंटोनियो के डॉ. इस्माइल जाटोई, द रॉयल मार्सडेन हॉस्पिटल, यूके से डॉ. फ्यिोना मैकनील, यूके की डॉ. लिंडा वायल्ड, बर्मिंघम यूनिवर्सिटी, यूके की डॉ. विद्या राघवन, डॉ. रोमन पेसोत्स्की, काहिरा यूनिवर्सिटी जैसे प्रख्यात वक्ता शामिल हुए। मिस्र, नेपल्स विश्वविद्यालय, इटली से डॉ निकोला रोक्को और कई अन्य इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान बालको मेडिकल सेंटर में रेडियोलॉजी वर्कशॉप और पं जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल मेडिकल कॉलेज रायपुर में कैडेवरिक वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

बालको मेडिकल सेंटर ने बनाई पहचान

कार्यक्रम के पहले दिन कैंसर उत्तरजीवियों के लिए एक विशेष प्रेरक सभा 'कॉन्ग्लोमरेशन ऑफ कॉन्करर्स' का आयोजन किया गया, जिसमें 50 से अधिक उत्तरजीवियों और उनकी देखभाल करने वालों ने भाग लिया। इस अंतराष्ट्रीय चिकित्सा सम्मलेन को संबोधित करते हुए वेदांता रिसोर्सेज और बालको मेडिकल सेंटर के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा, पिछले 3 वर्षों के संचालन में, बालको मेडिकल सेंटर ने मध्य भारत में कैंसर के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है। आम आदमी के लाभ के लिए, हम राज्य में लगातार नवीनतम उपचार के तरीके ला रहे हैं, जो पहले केवल मेट्रो शहरों के कुछ केंद्रों तक ही सीमित थे। बालको मेडिकल सेंटर अब कैंसर शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में कदम रखते हुए अपने प्रयासों को तेज करने के लिए तैयार है। मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हम अपने स्वास्थ्य देखभाल समर्थन का विस्तार करने और इस एक केंद्र से आगे विस्तार करने, नवीनतम तकनीक और डिजिटलीकरण का लाभ उठाने के लिए कैंसर मुक्त समाज के अपने सपने को साकार करने के लिए उत्सुक हैं।

फिल्म पर आधारित लघु वीडियो बनाने की प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। कलिंगा विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय ने 13 नवंबर 2021 को लघु वीडियो बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस तरह की गतिविधियाँ छात्रों के आत्मविश्वास और भागीदारी कौशल को बढ़ाती हैं। कलिंगा विश्वविद्यालय छात्रों के अनुभावत्मक एवं सीखने की ललक को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सोशल मीडिया के अंतर्गत लघु वीडियो बनाने के तरीके पर व्यावहारिक अभ्यास देता है।

वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय ने लघु वीडियो बनाने के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया जहां छात्र ने वीडियो बनाने के बारे में नई अंतर्दृष्टि सीखी। इस कार्यक्रम ने छात्रों को सिखाया की लोगों के बीच किसी भी गतिविधि को कैसे बढ़ावा दिया जाए। यह छात्रों के वीडियो के माध्यम से संचार कौशल के साथ-साथ प्रस्तुति भाग में सुधार करता है।

यह कार्यक्रम एम. बी. ए. और बी. कॉम. प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए था, जिसमें 46 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिससे सभी प्रतिभागियों को रोमांचक और सीखने को मिला।

यह प्रतियोगिता कौशल और प्रतिभा पर आधारित है। इस प्रतियोगिता के निर्णायक वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय की प्रो. अमित कुमार दुबे और प्रो. श्रेया श्रीवास्तव थे।

कार्यक्रम की समन्वयक वाणिज्य और प्रबंधन संकाय की प्रो. डॉ. रूचि गुप्ता और प्रो. श्रिया त्रिपाठी थे। जिन्होने इस गतिविधि का आयोजन प्रायोगिक शिक्षण और शैक्षणिक प्रकोष्ठ के तहत इस कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय की अधिष्ठाता डॉ. मोनिका सेठी शर्मा और अन्य संकाय के सदस्य भी उपस्थित थे।

समापन सत्र के दौरान निर्णायकों ने परिणाम घोषित किया जिसमें प्रथम श्रेणी में एम.बी.ए. प्रथम सेमेस्टर के आर्या अग्रवाल, द्वितीय श्रेणी में एम.बी.ए. प्रथम सेमेस्टर के आयुष कुमार गुप्ता और तृतीय श्रेणी में एम.कॉम. प्रथम सेमेस्टर के सुभस्मिता बेहेरा विजेता रहे।

कांग्रेस के जवाब में भाजयुमो निकालेगी पोलखोल यात्रा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की पदयात्रा के जवाब में भाजयुमो भी पदयात्रा निकालने जा रही है। जिसे पोलखोल यात्रा का नाम दिया गया है। कार्यकर्त्ता मोटरसाइकिल के द्वारा प्रदेशभर में यह यात्रा निकालेगी। यात्रा की शुरुआत 16 नवंबर से होगी। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष अमित साहू ने कहा कि कांग्रेस इस पदयात्रा के नाम से वादाखिलाफी को छुपाने के प्रयास कर रही है। विगत दिनों बढ़ते पेट्रोल दाम के बीच केंद्र द्वारा पेट्रोल डीजल के दाम में कमी के लिए कदम उठाया, लेकिन प्रदेश सरकार ने इसमें अपनी ओर से सहयोग नहीं दिया। विभिन्न राज्यों ने वैट कम कर राहत देने का प्रयास किया लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार ने ऐसा कुछ नहीं किया जिसका विरोध पूर्व में किया जा चुका है।अमित साहू ने कहा की सीमेंट सहित अन्य सामग्रियों के दाम छत्तीसगढ़ में बढ़े हैं। प्रदेश में नशे का कारोबार फ्ल रहा है। नशे के कारण यहाँ अपराध चरम पर है।अमित साहू ने कहा कि इसके जवाब में भाजयुमो द्वारा पोलखोल यात्रा निकाली जाएगी। पूरे प्रदेश में बेरोजगारों के हक की लड़ाई लड़ी जाएगी।

सीएम बघेल ने बिरसामुण्डा को उनकी जयंती और आचार्य विनोबा भावे को पुण्य तिथि पर किया नमन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहाँ अपने निवास कार्यालय में महान आदिवासी जननेता और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बिरसमुण्डा की जयंती एवँ प्रसिद्ध गांधीवादी नेता तथा भूदान आंदोलन के सूत्रधार आचार्य विनोबा भावे की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अमर सेनानी बिरसा मुण्डा जननायक थे। उन्होंने आदिवासी समुदाय को जल, जंगल, जमीन के बारे में जागरूक किया और उन्हें अपने हक की लड़ाई लड़ने की प्रेरणा दी। बिरसा मुण्डा जी ने तत्कालीन ब्रिटिश साम्राज्य की नीतियों का विरोध किया और आदिवासियों के सामाजिक-आर्थिक उन्नति के लिए जीवन भर काम किया। आदिवासी समुदाय आज उन्हें भगवान की तरह पूजता है। उनके क्रांतिकारी विचार और देश प्रेम की भावना आज भी लोगों को प्रेरित करती है।

मुख्यमंत्री बघेल ने आचार्य विनोबा भावे को याद करते हुए कहा कि भारतरत्न और मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित श्री भावे रचनात्मक और आध्यात्मिक होने के साथ ही महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भी थे।

उन्हें भूदान आंदोलन की वजह से अधिक जाना जाता है। संत भावे ने अपना पूरा जीवन गरीब और पिछड़े वर्ग के लोगों के उत्थान में लगा दिया और उन्हें आध्यात्मिक रूप से जीवन में सही और गलत के मध्य का अंतर समझाया। उन्होंने कहा कि आचार्य भावे जमीन मालिकों से दान के तौर पर जमीन लेकर गरीब लोगों को खेती के लिए देते थे। ऐसे संत सेनानी के जीवन और विचार मूल्य हमें सदा प्रेरित करते रहेंगे।

अनुसूचित जाति समुदाय के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं : उदयचरण

रायपुर/नवप्रदेश। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष उदय चरण बंजारे ने केशकाल में पदस्थ एसडीओ भानुप्रताप बंजारे के 14 वर्षीय पुत्र की हत्या कर मामले को दबाने और आरोपियों को बचाने के संबंध में विरोध प्रकट करते हुए कहा उक्त घटना के बाद अनुसूचित जाति समाज में आक्रोश व्याप्त है, एक समाज के एक एसडीओ जैसे पद में पदस्थ अधिकारी के बेटे के हत्या के बाद मामले की लीपापोती की जा रही तब समाज के आम लोगों का क्या हाल होगा? उक्त घटना में पुलिस के द्वारा आरोपियों के साथ सांठगांठ कर एक अबोध बालक की हत्या की साजिशकर्ताओ और आरोपियों को बचा रही है। पुलिस के द्वारा जानबूझकर उक्त घटना में सम्मिलित आरोपियों को अभी तक गिरफ्तार नहीं की है। इतनी बड़ी घटना होने के बावजूद पुलिस प्रशासन के द्वारा कोई गम्भीरता नहीं दिखा रही है। उन्होंने कहा प्रदेश में लगातार अनुसूचित जाति वर्ग के साथ अन्याय अत्याचार हो रहा है लेकिन पुलिस कुम्भकर्णीय नींद में सो रही है और अनुसूचित जाति वर्ग को न्याय दिलाने में कोई दिलचस्पी नहीं ले रही है। उन्होंने कहा यदि जल्दी ही उक्त घटना में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल के सलाखों में डालकर पीड़ित परिवार को न्याय नहीं दिलाया जाता है तो जोगी अनुसूचित जाति विभाग के द्वारा उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

जागरुकता | डायबिटीज का दायरा बढ़ रहा, गंभीर स्थिति से बचने के लिए त्वरित उपचार आवश्यक

अब शहर से ज्यादा ग्रामीण क्षेत्रों में फैल रही है डायबिटीज

■ छत्तीसगढ़ में नौ प्रतिशत हैं डायबिटीज से पीड़ित, अत्याधुनिक उपचार की आवश्यकता

रायपुर/नवप्रदेश। देश में और विशेषकर छत्तीसगढ़ में डायबिटीज के बढ़ते रोगियों की संख्या पर चिकित्सकों ने चिंता प्रकट करते हुए कहा है कि भारत को डायबिटीज की राजधानी के रूप में बनने से रोकना होगा। इसके लिए समाज को दैनिक दिनचर्या में बदलाव करने होंगे, साथ ही डायबिटीज के रोगियों के लिए अत्याधुनिक उपचार की सुविधा उपलब्ध करानी होगी। डायबिटीज के रोगियों को अन्य गंभीर बीमारियां जैसे कोविड-19 आदि होने की संभावना अधिक होती है अतः डायबिटीज पर नियंत्रण की आवश्यकता है।

विश्व मुधमेह दिवस पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के एंडोक्रीनोलॉजी और सामान्य चिकित्सा विभाग के तत्वावधान में हाइब्रिड सीएमई एंडोमेड का आयोजन किया गया। सीएमई का उद्घाटन करते हुए निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने कहा कि कोविड के दौरान सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण स्थिति डायबिटीज के रोगियों की वजह से हुई। ऐसे में अभी से डायबिटीज के प्रति सभी को जागरूक बनाने की जरूरत है। सरकार इस दिशा में कार्यरत है परंतु समाज के सभी वर्गों को इस दिशा में मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि डायबिटीज की शीघ्र पहचान और उपचार से रोगियों को गंभीर परिस्थितियों से बचाया जा सकता है। इस दिशा में एम्स पहल कर रहा है और विभिन्न विभागों में डायबिटीज के रोगियों के लिए विशेष सुविधाएं प्रदान की गई हैं।

प्रो. विनय पंडित का कहना था कि अब शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी बदलती दिनचर्या की वजह से डायबिटीज बढ़ती जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में डायबिटीज पिछले दो दशकों में तीन गुना बढ़ी है जबकि शहरी क्षेत्रों में डेढ़ गुना बढ़ी है। डायबिटीज के लिए नई दवाइयां बाजार में उपलब्ध हैं मगर महंगी हैं। ऐसे में दवाइयों की उपलब्धता पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है।

जिपमर पुदुचेरी के डॉ. डी.बी. नायक का कहना था कि भारत डायबिटीज की राजधानी बन गया है। युवा वर्ग में डायबिटीज तेजी के साथ बढ़ रही है। इसका स्वास्थ्य के साथ आर्थिक प्रभाव भी देखने को मिल रहा है। एम्स भुवनेश्वर के डॉ. किशोर के. बेहरा ने बताया कि स्वास्थ्य सर्वे में 29 राज्यों और सात केंद्र शासित प्रदेशों में डायबिटीज रोगियों की संख्या 42 प्रतिशत तक है। लगभग 10 प्रतिशत भारतीयों को डायबिटीज है।

डॉ. अभिरूचि गल्होत्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की 9.3 प्रतिशत आबादी को डायबिटीज है। स्क्रिनिंग कार्यक्रम की मदद से ऐसे रोगियों की पहचान कर उन्हें समय पर उपचार उपलब्ध करवाया जा सकता है। कार्यक्रम में आयोजक डॉ. अमृताव घोष, प्रो. आलोक अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में विशेषज्ञों ने डायबिटीज पर अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर एम्स परिसर पर नीले प्रकाश की व्यवस्था कर डायबिटीज के बारे में लोगों को जागरूक भी बनाया गया।

संपादकीय

गैस चैम्बर बनती नई दिल्ली

देश की राजधानी नई दिल्ली इन दिनों गैस चैम्बर के रूप में तब्दील हो गई है। दिल्ली के बाशिंदों का खुली हवा में सांस लेना भी दुभर हो गया है। दीपावली के बाद से नई दिल्ली में वायु प्रदुषण का स्तर बेहद खतरनाक हो चुका है। नतीजतन लोग आंख, गले और फेफड़े की तकलीफ सहने के लिए बाध्य हो गए है। बढ़ते वायु प्रदूषण का जनस्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव पड़ रहा है खासतौर पर छोटे बच्चो और बड़े बुजुर्गो के लिए कई तरह की समस्याएं खड़ी हो रही है। दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को लेकर नई दिल्ली सरकार और केन्द्र सरकार एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाकर अपनी जिम्मेदारी से बचने की कोशिश कर रही है। इस मामले को लेकर अब सुप्रीम कोर्ट ने नई दिल्ली की केजरीवाल सरकार को कड़ी फटकार लगाई है और केन्द्र सरकार को भी निर्देशित किया है कि वह नई दिल्ली में प्रदूषण को रोकने तत्काल कड़े कदम उठाएं। सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद केन्द्रिय पर्यावरण मंत्रालय ने आपात बैठक बुलाई है जिसमें प्रदूषण को कम करने के उपयो पर विचार किया जा रहा है। जहां तक नई दिल्ली की केजरीवाल सरकार का प्रश्न है तो उसने अब तक सिर्फ स्कूलों में एक हफ्ते के लिए अवकाश घोषित कर दिया है और शासकीय कर्मचारियों लिए वर्क फ्रॉम होम का आदेश जारी किया है। 17 नवंबर तक निर्माण कार्यो पर रोक लगा दी गई है किन्तु इन उपायों से प्रदूषण कम नहीं होगा। दरसअल नई दिल्ली में 50 प्रतिशत प्रदूषण तो वाहनों से निकलने वाले धुएं के कारण होता है और दिल्ली की सीमा से लगे हरियाण, पंजाब और उत्तर प्रदेश के किसानों द्वारा जलाएं जाने वाली पलारी के कारण भी वायु प्रदूषण बढ़ता है। दरअसल दीपावली के दौरान इन राज्यों में किसान पलारी जलाते है और हर साल लगभग एक पखवाड़े तक दिल्ली में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच जाता है। बहरहाल सुप्रीम कोर्ट के कठोर रूख अख्तियार करने के बाद अब केन्द्र सरकार इन राज्यों से भी बात करेगी और नई दिल्ली में वाहनों से निकलने वाले धुओं की रोकथाम के लिए भी कदम उठाएगी। इसके अलावा नई दिल्ली और उसके आसपास स्थित उद्योगों के कारण होने वाले प्रदूषण को भी रोकने के लिए कड़े कदम उठाना तथा नई दिल्ली में ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करना भी अतिआवश्यक है तभी नई दिल्ली को प्रदूषण से मुक्त कराने में सफलता मिल पाएगी। उम्मीद की जानी चाहिए कि अब केन्द्र सरकार और नई दिल्ली सरकार आरोप प्रत्यारोप की राजनीति छोड़कर नई दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए मिलकर काम करेंगे।

विचार

प्रदूषण : दिल्ली देश को सिखाए

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

कल शाम जैसे ही दुबई पहुंचे, हवाई अड्डे पर ही लगा कि हम किसी नई दुनिया में आ गए। हम पिछले 8-10 दिन से हमारी प्यारी दिल्ली के गैस-चेंबर में बंद पड़े थे। हमारी कोशिश रहती थी कि अपने गुड़गांव के घर में ही कैद रहें। सारे दरवाजे, खिड़कियां और उजालदान लगभग बंद ही रखते रहे और घर में रहते हुए भी मुखपट्टी (मास्क) लगाए रहते थे, हालांकि घर के बाहर और पीछे 20-22 बड़े पेड़ लगे हुए हैं और करीब 200 गमलों में तरह-तरह के पौधे लहलहा रहे हैं। फिर भी ऐसा लगता था कि घर के बाहर निकले तो कहीं ज़हर की नदी में गोता न लगाना पड़ जाए। सड़क के पार का दृश्य इतना धुंधला होता था कि कुछ देखा और न देखा एक बराबर हो जाता था। इसीलिए पिछले 10-12 दिन से घंटे भर का प्रातः-भ्रमण का कार्यक्रम भी लगभग स्थगित रहा लेकिन दुबई की आज सुबह भी क्या सुबह है? इंटरनेट ने बताया कि यहां प्रदूषण अंक सिर्फ 48 है जबकि दिल्ली में वह 500 को छू रहा है। दिल्ली के कुछ इलाकों में रात के वक्त वह 1000 तक चला जाता था। कहा जा रहा है कि दुनिया के 30 सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में 20 तो अकेले भारत में ही है और दिल्ली उनमें सबसे ज्यादा प्रदूषित है। दिवाली और प्रदूषण के इस दौर में विदेश में कई मित्रों से बात हुई। लंदन, लॉस एंजलिस, फ्लोरिडा, बर्लिन और ज्यूरिख में प्रदूषण-अंक 50 के आस-पास है। चीन जैसे देश के शहरों में 100 से कम है। लेकिन हमारे दक्षिण एशिया के बड़े देशों की हालत खस्ता है। ध्यान रहे कि दिल्ली भारत की राजधानी है और इस शहर में एक मुख्यमंत्री रहता है और एक प्रधानमंत्री भी रहता है। जिस शहर में दो-दो सरकारें चल रही हों, उसकी इतनी दुर्दशा क्यों है? यह सवाल सर्वोच्च न्यायालय ने काफी कड़वी जुबान में उठाया है। उम्मीद है कि दोनों सरकारें कुछ कड़े कदम उठाएंगी। 2019 में भारत के लगभग 17 लाख लोगों की मौत का कारण यह जहरीली हवा है। अकेली दिल्ली में 17500 लोग प्रदूषण के शिकार हुए हैं। सरकारें तो कुछ न कदम उठा रही हैं लेकिन असली काम आम जनता को करना है। जो लोग अपने घर के आस-पास पेड़ लगा सकते हैं, वे लगाएं, वरना हर घर के सामने पौधों के दर्जनों गमले सजे होने चाहिए। हफ्ते में कुछ दिन कार और स्कूटर चलाने की बजाय पैदल, मेट्रो और बस का इस्तेमाल करें। किसान भाई पराली न जलाएं, इसका इंतजाम सरकार करे। कुछ दिन दिल्ली के लोग घरों से ही काम करने की आदत डालें। अभी कुछ दिनों तक सभा, सम्मेलन और जूलूस वगैरह स्थगित रखे जाएं। दिल्ली देश को सिखाए प्रदूषण-नियंत्रण।

जनजातीय गौरव के लिए राष्ट्र प्रतिबद्ध

अर्जुन मुंडा

जनजातीय गौरव दिवस मनाने के इस ऐतिहासिक अवसर पर, यह देश विभिन्न इलाकों से संबंध रखने वाले अपने उन नेताओं एवं योद्धाओं को याद करता है, जिन्होंने औपनिवेशिक शासन के खिलाफबहादुरी से लड़ाई लड़ी और अपने प्राणों की आहुति दी। हम सभी देश के लिए उनकी निःस्वार्थ सेवा और बलिदान को सलाम करते हैं। बिरसा मुंडा का नाम हमेशा भारत के स्वतंत्रता संग्राम के सभी महान विभूतियों की तरह ही सम्मान के साथ लिया जाएगा। 25 साल की छोटी सी उम्र में उन्होंने जो उपलब्धियां हासिल कीं, वैसा कर पाना साधारण आदमी के लिए असंभव था। उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफआदिवासी समुदाय को लामबंद करते हुए आदिवासियों के भूमि अधिकारों की रक्षा करने वाले कानूनों को लागू करने के लिए औपनिवेशिक शासकों को मजबूर किया। भले ही उनका जीवन छोटा था, लेकिन उनके द्वारा जलाई गई सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्रांति की लौ ने देश के जनजातीय समुदायों के जीवन में मौलिक परिवर्तन लाए।

भारत दुनिया का एक अनूठा देश है, जहाँ 700 से अधिक जनजातीय समुदाय के लोग निवास करते हैं। देश की ताकत, इसकी समृद्ध सांस्कृतिक विविधता में निहित है। जनजातीय समुदायों ने अपनी उत्कृष्ट कला और शिल्प के माध्यम से देश की सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध किया है। उन्होंने अपनी पारंपरिक प्रथाओं के माध्यम से पर्यावरण के संवर्धन, सुरक्षा और संरक्षण में अग्रणी भूमिका निभाई है। अपने पारंपरिक ज्ञान के विशाल भंडार के साथ, जनजातीय समुदाय सतत विकास के पथ प्रदर्शक रहे हैं। राष्ट्र निर्माण में जनजातीय समुदायों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देते हुए, हमारे संविधान ने जनजातीय संस्कृति के संरक्षण और अनुसूचित जनजातियों के विकास के लिए विशेष प्रावधान किए हैं।

जनजातीय लोग सरल, शांतिप्रिय और मेहनती होते हैं, जो मुख्यतः वन क्षेत्रों में स्थित अपने निवास स्थान में प्राकृतिक सद्भाव के साथ रहते हैं। वे अपनी पहचान पर गर्व करते हैं और सम्मान के साथ जीवन व्यतीत करना पसंद करते हैं। औपनिवेशिक शासन की स्थापना के दौरान ब्रिटिश राज ने देश के विभिन्न समुदायों की स्वायत्तता के साथ-साथ उनके अधिकारों और रीति-रिवाजों का अतिक्रमण करने वाली नीतियों की शुरुआत की। ब्रिटिश राज ने लोगों और समुदायों को पूर्ण अधीनता स्वीकार करने के लिए कठोर कदम उठाए। इससे विशेष रूप से जनजातीय समुदायों में जबरदस्त आक्रोश पैदा हुआ, जिन्होंने प्राचीन काल से अपनी स्वतंत्रता और विशिष्ट परंपराओं, सामाजिक प्रथाओं और आर्थिक प्रणालियों को संरक्षित रखा था।

जल निकायों सहित संपूर्ण वन पारिस्थितिकी तंत्र, जनजातीय अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार था। ब्रिटिश नीतियों ने पारंपरिक भूमि-उपयोग प्रणालियों को तहस-नहस कर दिया। उन्होंने जमींदारों का एक वर्ग तैयार किया और उन्हें जनजातीय क्षेत्रों में भी जमीन पर अधिकार दे दिया। पारंपरिक भूमि व्यवस्था को काश्तकारी व्यवस्था में बदल दिया गया और जनजातीय समुदाय असहाय काश्तकार या बंटाईदार बनने पर मजबूर हो गए। अन्यायपूर्ण और शोषक प्रणाली द्वारा करों को लागू करने तथा उनकी पारंपरिक जीविका को प्रतिबंधित करने के बढ़ते दमन के साथ कठोर औपनिवेशिक पुलिस प्रशासन द्वारा वसूली और साहूकारों द्वारा शोषण ने आक्रोश को और गहरा किया, जिससे जनजातीय क्रांतिकारी आंदोलनों की उग्र शुरुआत हुई।

जनजातीय आंदोलनों और प्रतिक्रियावादी तरीकों की कुछ विशेषताएं एक जैसी थीं, हालांकि वे देश के अलग-अलग भागों में फैली हुई थीं। उनका सर्वाधिक महत्वपूर्ण उद्देश्य; ब्रिटिश औपनिवेशिक सरकार द्वारा भूमि, जंगल और आजीविका से संबंधित दमनकारी कानूनों को लागू करने के खिलाफ अपनी जनजातीय पहचान और जीवन तथा आजीविका पर आधारित अपने परंपरागत अधिकारों की रक्षा करना था। आंदोलन हमेशा समुदाय से एक प्रेरणादायक नेता के उद्भव के साथ शुरू हुआ था; एक नायक, जिन्हें इस सीमा तक सम्मान दिया जाता था कि समुदाय, स्वतंत्रता प्राप्ति और उसके बाद तक उनका अनुसरण करना जारी रखता था, भले की समुदाय अलग-अलग क्षेत्रों में निवास कर रहे हों।

जनजातीय समुदायों के बलिदानों एवं योगदानों को सम्मान देते हुए, भारत सरकार ने 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित किया है। इस तिथि को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती होती है। यह वाकई जनजातीय समुदायों के लिए एक मार्मिक क्षण है जब देश भर में जनजातीय समुदायों के बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष को आखिरकार स्वीकार कर लिया गया है। इन गुमनाम वीरों की वीरता की गाथाएं आखिरकार दुनिया के सामने लाई जायेंगी। देश के विभिन्न हिस्सों में 15 नवंबर से लेकर 22 नवंबर तक सप्ताह भर चलने वाले समारोहों के दौरान बड़ी संख्या में गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है ताकि इस प्रतिष्ठित सप्ताह के दौरान देश के उन महान गुमनाम आदिवासी नायकों, जिन्होंने अपने जीवन का बलिदान दिया, को याद किया जा सके।

जनजातीय समुदायों ने आधुनिक हथियारों को नहीं अपनाया और अंत तक अपने पारंपरिक हथियारों और तकनीकों के साथ संघर्ष जारी रखे।

ब्रिटिश राज के खिलाफ बड़ी संख्या में जनजातीय क्रांतिकारी आंदोलन हुए और इनमें कई आदिवासी शहीद हुए। शहीदों में से कुछ प्रमुख नाम हैं - तिलका मांझी, टिकेंद्रजीत सिंह, वीर सुरेंद्र साई, तेलंगा खड़िया, वीर नारायण सिंह, सिद्धू और कान्हू मुर्मू, रूपचंद कंवर, लक्ष्मण नाइक, रामजी गोंड, अल्लूरी सीताराम राजू, कोमराम भीमा, रमन नाम्बी, तांतिया भील, गुंदाधुर, गंजन कोरकू सिलपूत सिंह, रूपसिंह नायक, भाऊ खरे, चिमनजी जाधव, नाना दरबारे, काज्या नायक और गोविंद गुरु आदि। इन शहीदों में से सबसे करिश्माई बिरसा मुंडा थे, जो वर्तमान झारखंड के मुंडा समुदाय के एक युवा आदिवासी थे। उन्होंने एक मजबूत प्रतिरोध का आधार तैयार किया, जिसने देश के साथी जनजातीय लोगों को औपनिवेशिक शासन के खिलाफ लगातार लड़ने के लिए प्रेरित किया।

बिरसा मुंडा सही अर्थों में एक स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने ब्रिटिश औपनिवेशिक सरकार की शोषणकारी व्यवस्था के खिलाफ बहादुरी से संघर्ष किया और एक किंवदंती नायक (लीजेंड) बन गए। बिरसा ने जनजातीय समुदायों के ब्रिटिश दमन के खिलाफ आंदोलन को ताकत दी। उन्होंने जनजातियों के बीच ÷उलगुलान÷ (विद्रोह) का आह्वान करते हुए आदिवासी आंदोलन को संचालित किया और इसका नेतृत्व किया। युवा बिरसा जनजातीय समाज में सुधार भी करना चाहते थे और उन्होंने उनसे नशा, अंधविश्वास और जादू-टोना में विश्वास नहीं करने का आग्रह किया और प्रार्थना के महत्व, भगवान में विश्वास रखने एवं आचार संहिता का पालन करने पर जोर दिया। उन्होंने जनजातीय समुदाय के लोगों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों को जानने और एकता का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया। वे इतने करिश्माई जनजातीय नेता थे कि जनजातीय समुदाय उन्हें 'भगवान' कहकर बुलाते थे।

हमारे प्रधानमंत्री ने हमेशा जनजातीय समुदायों के बहुमूल्य योगदानों, विशेष रूप से भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उनके बलिदानों, पर जोर दिया है। प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त 2016 को स्वतंत्रता दिवस के अपने भाषण में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समुदाय के स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा निभाई गई भूमिका पर बल देते हुए एक घोषणा की थी, जिसमें जनजातीय समुदाय के बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति में देश के विभिन्न हिस्सों में स्थायी समर्पित संग्रहालयों के निर्माण की परिकल्पना की गई थी ताकि आने वाली पीढ़ियां देश के लिए उनके बलिदान के बारे में जान सकें।

राजभाषा की ओर बढ़ती जनभाषा

राम मोहन पाठक

राजभाषा और राष्ट्रभाषा का प्रश्न जटिल अवश्य है, परंतु हल असंभव नहीं। दुनिया के केवल एक चौथाई देशों (51) की अपनी संविधान-घोषित राष्ट्रभाषा है। भारत में राजभाषा के रूप में हिंदी को मान्यता के 72 वर्षों में हिंदी के लिए एक सकारात्मक वातावरण बना है। इसे और मजबूत किए जाने की जरूरत सभी महसूस करते हैं। वस्तुतः भाषा, मानवीय व्यवहार और संस्कृति निरंतन परिवर्तनशील प्रक्रिया हैं, परंतु यह परिवर्तन प्रायः अत्यंत धीमी गति से रूप लेता है। यह परिवर्तन समय-साध्य है। आज भारत में हिंदी और राजभाषा हिंदी की जो वर्तमान स्थिति है, उससे कहीं अधिक कमजोर और नगण्य स्थिति साम्राज्यवादी इंग्लैंड में अंग्रेजी की थी।

हिंदी को राजभाषा की सांविधानिक प्रतिष्ठा और मान्यता तो प्रायः 72 साल पहले 1949 में मिली, किंतु इसे व्यावहारिक रूप प्रदान करने के लिए जारी प्रयासों में 'अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन' का ऐतिहासिक महत्व है। हिंदी के साहित्य तीर्थ वाराणसी में 13-14 नवंबर को आयोजित सम्मेलन राजभाषा हिंदी के प्रति नवजागरण व प्रयोग का नया अध्याय लिखेगा और भविष्य की दिशा सुनिश्चित करेगा। ऐसी आशा की जानी चाहिए। भारत सरकार के गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा पहली बार राजभाषा चेतना का यह राष्ट्रीय आयोजन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की संकल्पना है। पिछले 72 वर्ष में राजभाषा के अनेक प्रयोगधर्मी छोटे-छोटे कार्यक्रम क्षेत्रीय और स्थानीय स्तर पर होते रहे हैं, किंतु प्रथम अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के परिप्रेक्ष्य व्यापक हैं। प्रस्तावित छह सम्मेलनों की श्रृंखला में पहला काशी सम्मेलन राजभाषा की संकल्पना को मूर्त रूप देने में आधारशिला या प्रस्थान-बिंदु का काम करेगा।

भाषा का प्रश्न अंकों और आंकड़ों से कहीं अधिक भाव और भावनाओं से जुड़ा है। राजकाज में हिंदी के प्रयोग की धीमी गति को त्वरा प्रदान करने में केवल सांविधानिक प्रावधान या कानून ही सार्थक नहीं हो सकते। कानूनी प्रावधानों के अंतर्गत पूरे देश को क, ख, ग क्षेत्रों में बांटकर राजभाषा के रूप में हिंदी के प्रयोग और विभिन्न व्यावहारिक प्रतिबंधों, जैसे- राजभाषा अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित 14 प्रांतों को मूल या अनूदित रूप में हिंदी में जारी करने के प्रावधान धीरे-धीरे अमल में लाए जा रहे हैं, परंतु इस प्रावधान को पूर्ण रूप से व्यवहार में लाने के लिए अभी समर्पित प्रयासों की आवश्यकता लंबे अरसे से अनुभव की जा रही है। वैसे कानूनी प्रावधानों के अंतर्गत ऐसे सभी प्रांतों में सूचना, निविदा, टिप्पणी-प्रपत्र, विज्ञप्ति, कार्यवृत्त, आदेश, मैनुअल, नामपट, ज्ञापन, संकल्प, अधिसूचना, नियम, अनुबंध, पत्र-पैड, लिफाफा आदि को राजभाषा में न जारी करना दंडनीय है, किंतु व्यवहार के स्तर पर यह मान्यता महत्व रखती है कि दंड के माध्यम से राजभाषा को शत-प्रतिशत लागू करना संभव नहीं है। प्रयोजनमूलक भाषा प्रयोग के स्तर पर कर्मियों, अधिकारियों में एक लगाव या समर्पण की भावना उत्न्न करना दंड से कहीं अधिक प्रोत्साहन से संभव है।

भारत के संघीय ढांचे में राजभाषा के रूप में हिंदी को संविधान के अनुच्छेद 343-351 में मान्य किया गया है। भारत संघ गणराज्य की भाषा हिंदी और वर्तनी देवनागरी है, किंतु अनुच्छेद 348 में उच्च और उच्चतम न्यायालयों में कामकाज, दावे, बहस और निर्णयों की भाषा के रूप में अंग्रेजी को मान्यता दी गई है, किंतु इसके अपवाद अब सामने आ रहे हैं। लगभग दो दशक पूर्व प्रयाग (उत्तर प्रदेश) उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति प्रेमशंकर गुप्त ने हिंदी में चर्चित फैसला सुनाया था। उस समय न्यायपालिका में एक नई भाषायी चेतना का संचार हुआ। इसी क्रम में हाल में चेन्नई में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने भारतीय भाषाओं में न्याय और निर्णय उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता पर बल दिया है। महात्मा गांधी ने 'राष्ट्रभाषा बिना राष्ट्र गूंगा है' कहकर जिस चुनौती का हमारे स्वतंत्र भारत के लिए उल्लेख किया था, उस चुनौती का हल ढूंढ़ने की दिशा में, यानी एक राष्ट्रभाषा की ओर हमारी यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव 'राजभाषा' को लागू किया जाना है। देश के बिहार, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, अंडमान निकोबार द्वीप समूह को 'क', गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब, चंडीगढ़, दमन-दीव, दादरा नगर हवेली को 'ख' और बाकी देश के शेष भाग को 'ग' क्षेत्र में विभाजित कर राजभाषा संबंधी व्यावहारिक नियम-कानून बनाए गए हैं, पर हिंदी के हृदय क्षेत्र 'क' राज्यों में राजभाषा नियमों के लागू किए जाने की शत-प्रतिशत उपलब्धि की स्थिति अभी व्यावहारिक रूप नहीं ले सकी है। 'ख' और 'ग' क्षेत्रों में भी अभी अथक प्रयास जरूरी हैं। वैसे, फीजी देश में राजभाषा के रूप में हिंदी की मान्यता और व्यवहार हमारे लिए अनुकरणीय हैं।

भाषा की अपार शक्ति को पूरे विश्व ने पहचाना है। संयुक्त रूस (यूएसएसआर) का भाषायी आधार पर 15 देशों में विभाजन और भारत में भी भाषायी आधार पर राज्यों का गठन इसके प्रमाण हैं। संभवतः इसे ही ध्यान में रखकर हमारे संविधान के उपबंध 351 में केंद्र सरकार को यह दायित्व सौंपा गया है, 'केंद्र सरकार हिंदी भाषा के विकास के लिए सतत कार्य करेगी और अन्य भारतीय भाषाओं की सहायता से हिंदी भाषा की समृद्धि, उन्नति सुनिश्चित करेगी।' इसी दायित्व से अभिप्रेरित केंद्रीय गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय वाराणसी सम्मेलन को 'संकल्प सम्मेलन' कहना इसलिए उचित होगा कि इसमें देश भर के प्रायः ढाई हजार संकल्पवान हिंदीप्रेमी, हिंदीसेवी और राजभाषा अधिकारी आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर अपनी भाषा के प्रति समर्पण व्यक्त करेंगे।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

एक रास्ता जिसपर

एक रास्ता, जिसपर चलते है होसलो के कदम। एक इरादा, जो पार करता है अंधेरे की नदी। एक उम्मीद, जहाँ खिलती है खुशी की सुबह। हौसले और यकीन की जादुई पोटली से, निकलेंगे वो शब्द। जो मिलाएंगे जिन्दगीकी, बतायेंगे-बहुत छोटे है दुःख। और मजबूत है हमारी, दृढ़ता और हमारी इच्छाशक्ती। सच,बहुत सुंदर है जीवन, सकारात्मकता से।।

– हेमा पाण्डेय

निश्छल मन के

निश्छल मन के भाव हैं, मोहक है मुस्कान कितने सच्चे हैं सरल, करें नहीं अभिमान करें नहीं अभिमान, लगा करते हैं प्यारे अपनी धुन में मग्न, रहें ये राज - दुलारे इनकी क्या बतलाँय,रूठते मनते पल- पल सबके मन बस जाँय,बाल ये कोमल निश्छल।

– निधि भार्गव मानवी

खास पाती

तुम ने चाहा जिसे तुम को वो

तुम ने चाहा जिसे तुम को वो दिल मिले, मैं अधूरी सही तुमको कामिल मिले। जैसे मैं रह गयी हर सितम सह गयी, है ये मुमकिन नहीं मुझ सा माइल मिले। तुमने जिसके लिये हर कसम तोड़ दी, क्या पता वो रक़ीबों में शामिल मिले। ग़ैर के वास्ते दिल के टुकड़े किये, तेरा दिल भी कहीं पर न बिस्मिल मिले। छोड़कर बाँह को बीच राहों में जो, तुम गए तो तुम्हें भी न मंज़िल मिले। दर्दे दिल में 'कमल' डूबने का मज़ा, उसको क्या हो ख़बर जिसको साहिल मिले।

– रूबी झा 'कमल'

लड़खड़ाते हुए भी पीते हैं हिज्र सहने



लड़खड़ाते हुए भी पीते हैं हिज्र सहने के भी सलीक़े हैं कौन फिर प्यार में पड़े तौबा वस्ल के रास्ते कँटीले हैं मेरी मंज़िल नहीं थे तुम, यानी मंज़िलों के पते बदलने हैं सर्दियों में भी हिज्र है हम पर पूरी शब करवटें बदलते हैं अच्छा तुम लौट आना कुछ पल को ग़ैर तो...हैं नहीं...हम अपने हैं फोन पर कह रहे थे ना तुम कुछ लिख के भेजो...जवाब देने हैं भूलना चाहते हैं जो मुझको मेरी फोटो..सँभाले बैठे हैं।

– ममता लड़ीवाल

पास जो भी है सब दिया तेरा

पास जो भी है सब दिया तेरा मेरे गोविंद शुक्रिया तेरा दिल की इतनी सी बस तमन्ना है हाथ सर पर रहे सदा तेरा करना होगा कुबूल तुझको अब जैसा भी हूँ बुरा भला तेरा होश में अपने वो नहीं रहता जो भी जलवा ये देखता तेरा खुद को खोकर तुझे जो पा लेता फिर नहीं रहता कुछ तेरा मेरा आस दुनियाँ से कुछ नहीं मुझको मिल गया जबसे आसरा तेरा।

– लक्ष्मी माहोर

मौत के बादल घने हैं दिल के

मौत के बादल घने हैं दिल के कमरे डर रहे हैं। अब शिफाखाना में भी बस, मान रुपयों को मिले हैं। मुल्क ख़तरों से घिरा,हम अपनों से लड़ने खड़े हैं। इस महामारी में भी धन लूटने में सब लगे हैं। सड़कों पर जो लोग रहते, अपनी हिम्मत से बचे हैं।

– डॉ संजय दानी

जिनके पास अपने हैं वो अपनों

जिनके पास अपने हैं वो अपनों से झगड़ते हैं। जिनका कोई नहीं अपना वो अपनों को तरसते हैं। कल न हम होंगे न गिला होगा। सिर्फ सिमटी हुई यादों का सिललिसा होगा। जो लम्हे हैं चलो हंसकर बिता लें। जाने कल जिंदगी का क्या फैसला होगा।

– कमलकांत डोंगरे

ढूंढ रहा उस किताब को जिसमे

ढूंढ रहा उस किताब को जिसमे सिखाई जाती है राजनीति और सिखाया जाता है शासन चलाना जाने कैसे वर्णन किया होगा उस किताब में कि, सब ठीक है हमारे शासन में जबकि ठीक वैसे ही हालात पर आंदोलन कर अपने विरोधी को हराकर चलती है सत्ता।

– संत आर थवाईत

तुम्हारा घंटों पास रहना

सुनो... तुम्हारा घंटों पास रहना और पल भर भी स्पर्श न करना... और तुम्हें छू पाना मेरे लिये उतना ही पवित्र था जितना सुबह-सुबह गंगा जल को होंठ से मुँह लगाना।

–राज मालपाणी

QUIZ TIME

1) छत्तीसगढ़ में इंजीनियरिंग पार्क कहाँ स्थित है?

2) घोहाड़ी (महासमुंद) में कौन-सा कॉम्प्लेक्स स्थित है?

3) राज्य का एकमात्र गम टेप इंडस्ट्री कहाँ स्थित है?

4) बिलासपुर संभाग की विशेष पिछड़ी जनजाति कौन है?

5) विधायक का नाम बताइए?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) [illegible], भिलाई (दुर्ग) (2) [illegible] कॉम्प्लेक्स (3) [illegible] (4) बिरहोर (5) [illegible]

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1810 - निगवेल हिदाल्गो ने स्पेन से मैक्सिको की आजादी के लिए संघर्ष शुरू किया। 1821 - मैक्सिको की स्वतंत्रता को मान्यता मिली। 1908 - जनरल मोटर्स निगम की स्थापना की गई। 1947 - टोक्यो के सईतामा में चक्रवाती तूफान कैथलीन से 1,930 लोगों की मौत हो गई। 1975 - केप वर्डे, मोजाम्बिक, साओ टोमे और प्रिंसिप संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुए। पापुआ न्यू गिनी ने आस्ट्रेलिया से स्वतंत्रता हासिल की। 1995 - भारतीय मूल के वासुदेव पाण्डे त्रिनिदाद एवं टौबेगो के प्रधानमंत्री बने। 1997 - चीन के लोकतंत्र समर्थक नेता जिंग शेंग 18 वर्ष बाद रिहा किये गए। 1998 - कनाडा ने अपना यहाँ नागरिकता क़ानून को सख्त बनाया। 2001 - अफ़ग़ानिस्तान को लेकर संयुक्त राष्ट्र के 21 सदस्यीय दल में भारत शामिल। 2002 - मुशर्रफ़ ने पांच साल के दूसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति पद की शपथ ली। 2007 - बंगाल की खाड़ी से उठे भीषण चक्रवाती तूफ़ान 'सीडर' ने बंगलादेश में भीषण तबाही मचाई। वन टू गो एयरलांइस का विमान थाईलैंड में दुर्घटनाग्रस्त होने से 89 लोगों की मौत। 2008 - चन्द्रयान के लूनर लेजर रेंजिंग उपकरण ने सफलतापूर्वक काम करना शुरू किया। 2013 - वाशिंगटन में एक बंदूकधारी ने नौसेना के एक शिविर में 12 लोगों की गोली मारकर हत्या की। 2014 - इस्लामिक स्टेट ने सीरियाई कुर्दिश लड़ाकों के खिलाफयुद्ध छेड़ा।



'वो लड़की है कहां?' में नजर आयेगी तापसी- प्रतीक की जोड़ी

मुंबई, 15 नवंबर (वार्ता) बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू और प्रतीक गांधी की जोड़ी फिल्म 'वो लड़की है कहां?' में नजर आयेगी।

जंगली पिक्चर्स और रॉय कपूर फिल्म्स ने, 'वो लड़की है कहां?' से तापसी पन्नू और प्रतीक गांधी का फर्स्ट लुक शेयर किया है। अरशद सैयद द्वारा लिखी गई और निर्देशित फिल्म वो लड़की है कहां? के लिए तापसी पन्नू और प्रतीक गांधी पहली बार एक साथ आ रहे हैं। फिल्म में तापसी पन्नू पुलिस ऑफिसर के किरदार नजर आयेगी।

तापसी पन्नू ने कहा, ÷महिला पुलिस की भूमिका निभाना और कॉमेडी फिल्म करना हमेशा से मेरी चेकलिस्ट में रहा है और मुझे खुशी है कि आखिरकार इस फिल्म में मुझे दोनों करने का मौका मिल रहा है। मैंने प्रतीक का काम देखा है और मुझे लगता है कि वह एक बेहद टैलेंटेड एक्टर हैं। मुझे उनके साथ काम करने में बहुत मज़ा आ रहा है। अरशद ने कमाल की स्क्रिप्ट लिखी है जिसमें शानदार हास्य के साथ बहुत सारे जज्बात भी हैं, जिसका मुझे बेसब्री से इंतजार है। मुझे खुशी है कि जंगली पिक्चर्स और रॉय कपूर फिल्म्स ने इस फिल्म के निर्माण के लिए हाथ मिलाया है। यह सफर बहुत मजेदार रहने वाला है! प्रतीक गांधी ने कहा, ÷मैंने अब तक जो भी काम किया है, ÷वो लड़की है कहां? में मेरा किरदार, उससे बहुत अलग है, और यह बहुत रोमांचक है। तापसी बेहद टैलेंटेड हैं और उनके साथ काम करने को लेकर मैं बहुत एक्साइटेड हूं। अरशद के पास एक बड़ा विजन है और उन्होंने इस कहानी को बहुत बारीकी से लिखा है! मुझे यकीन है कि दर्शक इसे पसंद करेंगे।

अनुज कपाडिया संग रोमांटिक हुई अनुपमा

नई दिल्ली। छोटे पर्दे के मशहूर सीरियल 'अनुपमा' आए दिन अपने नए ट्विस्ट और टर्न की वजह से चर्चा में बना रहता है। इन दिनों शो पर दिख रहा है कि अनुपमा की जिंदगी में भूचाल आया हुआ है लेकिन वो मुश्किलों से डटकर लड़ रही है। इसके अलावा शो पर अनुज कपाड़िया के साथ उसकी बढ़ती नजदीकियां भी जबरदस्त सुर्खियों में बनी हुई है। वहीं, हाल ही में दोनों की कुछ फोटोज इंटरनेट पर जमकर हलचल मचा रही हैं। इन फोटोज में वो अनुपमा, अनुज संग रोमांटिक अंदाज में दिखाई दे रही हैं।

दरअसल, हाल ही में 'अनुपमा' फेम एक्ट्रेस रूपाली गांगुली ने अपने इंस्टाग्राम एकाउंट पर अनुज कपाड़िया एक्टर गौरव खन्ना के साथ रोमांटिक फोटोज शेयर की हैं। इन फोटोज में अनुपमा, अनुज के कांधे पर सिर रखे दिखाई दे रही हैं। फोटोज में अनुपमा ने ब्लू रंग की खूबसूरत साड़ी पहन रखी है और अनुज ने पिंक रंग का शानदार कुर्ता पहना हुआ है।

मिलाप जावेरी ने जॉन की तारीफ की

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड निर्देशक मिलाप जावेरी ने फिल्म सत्यमेव जयते 2 में जॉन अब्राहम के अभिनय की तारीफकी है। मिलाप जावेरी के निर्देशन में बनी फिल्म 'सत्यमेव जयते 2' में जॉन अब्राहम और दिव्या खोसला कुमार ने मुख्य भूमिका निभायी है। मिलाप जावेरी ने फिल्म सत्यमेव जयते 2 में जॉन अब्राहम के अभिनय की तारीफकी है।

मिलाप ज़वेरी ने कहा, जॉन एक शानदार अभिनेता हैं और अपने साथ सभी प्रकार की मस्ती और मनोरंजन साथ लाते हैं। वह सुपर कुशल और एक्शन दृश्यों के बारे में जुनूनी हैं और हमेशा वह कड़ी मेहनत और सहजता के साथ खुद को प्रदर्शित करने में ध्यान देते है। जॉन को ऑन-स्क्रीन देखना बहुत अच्छा लगता है और यह फिल्म उनके प्रशंसकों और जनता के लिए 'ट्रिपल' खुशी होगी।

गौरतलब है कि 'सत्यमेव जयते 2' वर्ष 2018 में प्रदर्शित फिल्म 'सत्यमेव जयते' का सीक्वल है। 'सत्यमेव जयते 2' 25 नवंबर को रिलीज होगी।

'सत्यमेव जयते 2' के बाद फिर साथ नजर आयेगी जॉन-दिव्या की जोड़ी!

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम और दिव्या खोसला कुमार की जोड़ी सिल्वर स्क्रीन पर फिर साथ नजर आ सकती है। जॉन अब्राहम इन दिनों अपनी फिल्म 'सत्यमेव जयते 2' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके साथ दिव्या खोसला कुमार भी नजर आएंगी।

चर्चा है कि 'सत्यमेव जयते 2' के बाद जॉन अब्राहम और दिव्या खोसला की जोड़ी फिल्मकार मुकेश भट्ट की अगली फिल्म में फिर नजर आएगी। फिल्म की कास्टिंग चल रही है और स्क्रिप्ट पर काम किया जा रहा है। यदि सबकुछ सही रहा तो जॉन और दिव्या की जोड़ी फिर साथ काम करती नजर आ सकती है।

बॉयफ्रेंड संग शादी की अफवाहों पर अंकिता लोखंडे ने दी प्रतिक्रिया

नई दिल्ली। छोटे पर्दे की मशहूर एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे इन दिनों अपने शो 'पवित्र रिश्ता 2' को लेकर काफी बिजी हैं। वहीं, इस बीच उनकी शादी को लेकर जबरदस्त अफवाहें उड़ रही हैं। उन्होंने बॉयफ्रेंड विकी जैन से 2020 में सगाई कर ली थी। दोनों तीन साल से रिलेशनशिप में हैं और ऐसे में अंकिता और विकी को शादी से जुड़े सवालों का सामना अकसर करना पड़ता है। हाल ही में अंकिता ने फाइनली शादी पर खुलकर बात की है लेकिन अपने प्लान्स पर भी चुप्पी साधे नजर आईं। अंकिता लोखंडे अपने सोशल एकाउंट पर बॉयफ्रेंड विकी जैन संग रोमांटिक तस्वीरें शेयर करती नजर आ जाती हैं। वहीं, हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में अंकिता ने शादी को लेकर बात की है।

चिरंजीवी की तेलुगु फिल्म 'गॉडफादर' में काम करेंगे सलमान खान

मुंबई (वार्ता)। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार चिरंजीवी की तेलुगु फिल्म 'गॉडफादर' में सलमान खान काम करते नजर आयेंगे। चिरंजीवी की मुख्य भूमिका वाली तेलुगु फिल्म 'गॉडफादर' का संगीत एस थमन कंपोज कर रहे हैं। थमन ने बताया है कि सलमान फिल्म में अहम भूमिका निभाएंगे। फिल्म में सलमान और चिरंजीवी एक साथ डांस करते दिखने वाले हैं। चर्चा है कि इस फिल्म में हॉलीवुड सिंगर ब्रिटनी स्पीयर्स फिल्म के एक गाने को अपनी आवाज देंगी। गौरतलब है कि 'गॉडफादर' हिट मलयालम फिल्म 'लूसिफर' की तेलुगु रीमेक है। विजय देवरकोंडा और राणा दग्गुबाती इस फिल्म में कैमियो रोल में नजर आएंगे।

न्यूज गैलरी

चार दिवसीय जूनियर ओपन स्क्वैश टूर्नामेंट का आगाज कल, 141 प्रविष्टियां आईं

चेन्नई (वार्ता)। स्क्वैश रैकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसआरएफआई) और तमिलनाडु स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन (टीएनएसआरए) के तत्वावधान में यहां कल से शुरू हो रहे चार दिवसीय इंडियन स्क्वैश एंड ट्रायथलॉन एकेडमी (आईएसटीए) जूनियर ओपन टूर्नामेंट के लिए कुल 141 प्रविष्टियां आई हैं। आईएसटीए परिसर में आयोजित होने वाले इस चार दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय टूर्नामेंट में लड़कों और लड़कियों दोनों के लिए अंडर-13, 15, 17 श्रेणियों और लड़कों के लिए अंडर-19 श्रेणी में 141 प्रतिभागी भाग लेंगे। सभी मैचों में कोरोना प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन किया जाएगा।

पांच पैसे गिरा रुपया

मुंबई (वार्ता)। दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के जबरदस्त उछाल के कारण आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया पांच पैसे गिरकर 74.50 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया। पिछले कारोबारी दिवस रुपया सात पैसे मजबूत होकर 74.45 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। शुरुआती कारोबार में रुपया सात पैसे की तेजी लेकर 74.38 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और बिकवाली के बल पर 74.31 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। लिवाली के दबाव में यह 74.50 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया और इसी स्तर पर बंद भी हुआ।

हॉकी इंडिया ने महिला जूनियर विश्व कप टीम की घोषणा की

नई दिल्ली (वार्ता)। हॉकी इंडिया ने सोमवार को एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप दक्षिण अफ्रीका 2021 के लिए 18 सदस्यीय टीम की घोषणा की। टोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक प्रदर्शन करने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम का हिस्सा रहीं फॉरवर्ड लालरेम्सियामी हमर को टीम की कप्तानी सौंपी गई है, जबकि डिफेंडर इशिका चौधरी को उप कप्तान बनाया गया है।

टीम की मुख्य कोच जनेके शोपमैन ने टीम चयन को लेकर कहा, ÷ आखिरी चयन में 18 खिलाड़ियों को चुनना बहुत मुश्किल था, विशेष रूप से तब, जब संभावित कोर टीम के सभी 28 खिलाड़ियों ने पिछले महीनों में बहुत मेहनत की हो और अच्छी प्रगति की हो, लेकिन हमें लगता है कि हमने एक मजबूत टीम चुनी है जो जूनियर विश्व कप में हर टीम से मुकाबला कर सकती है। ÷

उन्होंने कहा, ÷ सीनियर टीम के अनुभव और कुछ शानदार युवा प्रतिभाओं के साथ हम भारत की तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाएंगे। टीम बहुत उत्साहित है, क्योंकि उन्होंने विश्व

स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए लंबे समय तक इंतजार किया है और हम इस बेहरतीन अवसर का अधिकतम लाभ उठाने की उम्मीद कर रहे हैं। ÷

उल्लेखनीय है कि टोक्यो ओलंपिक में भारतीय महिला हॉकी टीम की अन्य सदस्यों सलीमा टेटे और शर्मिला देवी ने भी 18 सदस्यीय टीम में जगह बनाई है। वहीं प्रीति और प्रभलीन कौर को वैकल्पिक खिलाड़ियों के रूप में टीम में शामिल किया गया है।

विश्व कप आगामी पांच दिसंबर से शुरू होगा, जिसमें दुनिया भर की शीर्ष 16 टीमें भाग लेंगी। भारत को ग्रुप-सी में गत चैंपियन अर्जेंटीना, जापान और रूस के साथ रखा गया है। भारतीय टीम छह दिसंबर को रूस के खिलाफ मैच के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

भारतीय टीम : लालरेम्सियामी हमर (कप्तान), इशिका चौधरी (उप कप्तान), बिचु देवी खरीबम (गोलकीपर), खुशबू (गोलकीपर), अक्षता अबसो ढेकाले, प्रियंका, मरीना लालरामनघाकी, अजमीना कुजुर, बलजीत कौर, रीत, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सलीमा टेटे, शर्मिला देवी, ब्यूटी डुंगडुंग, दीपिका, मुमताज खान, संगीता कुमारी, जीवन किशोरी टोप्पो।

पेट्रोल-डीजल के दाम 11वें दिन भी स्थिर

नई दिल्ली (वार्ता)। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में जारी नरमी के बीच घरेलू स्तर पर सरकारी तेल विपणन कंपनियों ने आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया, जिससे राजधानी दिल्ली में पेट्रोल और डीजल के दाम लगातार ग्यारहवें दिन भी स्थिर रहे। केन्द्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमशः पांच रुपये तथा 10 रुपये प्रति लीटर की कमी करने से देश में इसकी कीमतों में कमी आयी थी। इसके बाद उत्तर प्रदेश, कर्नाटक सहित देश के 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने इन दोनों उत्पादों पर मूल्य वर्धित कर (वैट) में कमी की है। इससे संबंधित राज्यों में इन दोनों पेट्रोलियम उत्पाद की

कीमतों में और कमी आयी है। इसका असर आज भी पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर बरकरार है।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड की कीमत 85 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बरकरार है। घरेलू बाजार में सोमवार को 11वें दिन भी पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ। राजधानी दिल्ली में देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के पंप पर पेट्रोल की कीमत 103.97 रुपये प्रति लीटर और डीजल का दाम 86.67 रुपये प्रति लीटर पर टिकी रही। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की रोजाना समीक्षा होती है और उसके आधार पर हर दिन सुबह छह बजे से नयी कीमतें लागू की जाती हैं।

अंगूठे में चोट के कारण पाकिस्तान सीरीज से बाहर तमीम इकबाल

ढाका (वार्ता)। बंगलादेश को पाकिस्तान के खिलाफ आगामी घरेलू सीरीज से पहले एक और झटका लगा है। मोहम्मद सैफुद्दीन और शाकिब अल हसन के बाद अब अनुभवी सलामी बल्लेबाज तमीम इकबाल अंगूठे की चोट के कारण इस सीरीज से बाहर हो गए हैं। समझा जाता है कि पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में वापसी की सोच रहे तमीम ने सीरीज की तैयारी के लिए पिछले हफ्ते नेट सत्र शुरू किया था, लेकिन तेज गेंदबाजों के खिलाफ बल्लेबाजी करते समय असहज महसूस करने के कारण उनका एक्स-रे कराया गया, जिसमें उनके अंगूठे में फ्रैक्चर का पता चला। ऐसे में वह अब विदेशी विशेषज्ञ की ओर रुख कर सकते हैं।

बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के मुख्य चयनकर्ता मिन्हाजुल आबेदीन ने तमीम के अंगूठे की चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू सीरीज से बाहर होने की पुष्टि करते हुए कहा कि उनके अंगूठे से सूजन नहीं गई और इसी वजह से उनका एक और एक्स-रे हुआ, जिसमें पता चला कि उनके अंगूठे में फ्रैक्चर हो गया है जिसका पहले पता नहीं चला था। उल्लेखनीय है कि इससे पहले मोहम्मद सैफुद्दीन चोट के कारण पूरी सीरीज, जबकि शाकिब टी-20 श्रृंखला से बाहर हो गए थे।

लैंगर से कुछ महीने पहले ही कह दिया था कि वार्नर 'प्लेयर ऑफ द टर्नामेंट' होंगे : फिंच

दुबई (वार्ता)। ऑस्ट्रेलिया को पहली बार टी-20 विश्व कप खिताब जितवाने वाले कप्तान एरोन फिंच ने कहा है कि उन्हें डेविड वार्नर के फॉर्म पर कभी संदेह था ही नहीं। उन्होंने कुछ महीनों पहले जब वार्नर फॉर्म में नहीं थे, खास कर आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे थे तो टीम के मुख्य कोच को फोन किया था और उनसे कहा था कि वार्नर के बारे में चिंता मत करो, वह टी-20 विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट होंगे। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने मैच के बाद डेविड वार्नर से संबंधी एक सवाल के जवाब में कहा कि उन्होंने टीम के साथी और सलामी जोड़ीदार डेविड वार्नर को उनके खराब प्रदर्शन के बावजूद टी-20 विश्व कप में प्लेयर ऑफद टूर्नामेंट का पुरस्कार जीतने को लेकर समर्थन किया। फिंच ने कहा, मुझे निजी तौर पर यह भी लगा कि एडम जैम्पा को प्लेयर ऑफद टूर्नामेंट होना चाहिए था। लेकिन वार्नर एक महान खिलाड़ी हैं। वह

शेयर बाजार में मामूली बढ़त

मुंबई (वार्ता)। वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर आज मजबूत लिवाली की बदौलत 61 हजार अंक के उच्चतम स्तर के पार पहुंचा शेयर बाजार बिकवाली के दबाव में उतार-चढ़ाव से गुजरता हुआ मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 32.02 अंक बढ़कर 60,718.71 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 6.70 अंक ऊपर 18,109.45 अंक पर रहा। दिग्गज कंपनियों की तरह छोटी कंपनियों में भी बिकवाली का दबाव रहा। इस दौरान स्मॉलकैप 0.19 प्रतिशत फिसलकर 29,175.71 अंक पर जबकि मिडकैप 0.41 प्रतिशत की बढ़त लेकर 26,475.82 अंक पर रहा। इस दौरान धातु समूह में सबसे अधिक 2.35 प्रतिशत की गिरावट रही जबकि हेल्थकेयर समूह के शेयरों ने सबसे अधिक 2.09 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। इनके अलावा बेसिक मैटेरियल्स 0.94, ऊर्जा 0.49, दूरसंचार 0.70 और वित्त समूह के शेयर 0.26 गिरे वहीं कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.55, आईटी 0.33, पावर 0.31 और टेक समूह में 0.24 प्रतिशत की तेजी रही। बीएसई में कुल 3576 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2113 में बिकवाली जबकि 1306 में लिवाली हुई वहीं 157 में कोई बदलाव नहीं हुआ। एनएसई में 28 कंपनियों के शेयरों में गिरावट रही जबकि 22 हरे निशान पर रहे। इस दौरान विदेशी बाजारों में मिलाजुला रुख रहा। जर्मनी का डैक्स 0.05, जापान का निक्केई 0.56 और हांगकांग का हैंगसैंग 0.25 प्रतिशत चढ़ गया।

भारत-पाकिस्तान द्विपक्षीय सीरीज की बहाली सरकार के हाथों में : गांगुली

दुबई (वार्ता)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय श्रृंखला की बहाली संबंधित सरकारों के हाथों में है, न कि क्रिकेट बोर्डों के। उल्लेखनीय है कि आईसीसी आयोजनों को छोड़कर दोनों पड़ोसी देशों को एक-दूसरे के खिलाफ खेले हुए बहुत लंबा समय हो गया है। दोनों देशों ने अपनी आखिरी द्विपक्षीय सीरीज 2012 में खेली थी। पाकिस्तानी टीम ने इस भारतीय दौरे पर तीन वनडे और दो टी-20 मैच खेले थे। वनडे सीरीज 2-1 से पाकिस्तान के नाम रही थी, जबकि टी-20 श्रृंखला 1-1 से ड्रॉ हुई थी। गांगुली ने बीते शुक्रवार को 40वें शारजाह अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेले में एक सवाल के जवाब में भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय श्रृंखला न होने के पीछे कूटनीतिक कारणों को वजह बताया।

न्यायालय कलेक्टर, दुर्ग जिला-दुर्ग (छ.ग.)

व्यक्तिगत उपस्थिति समन

रा.प्र.क्र. 49/ब-121/वर्ष 2020-21

प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक, शाखा- एस.एम.ई. नंदिनी रोड, भिलाई, तहसील व जिला- दुर्ग (छ.ग.) .... वादी

प्रेषिती

1. मेसर्स गणपति इण्डस्ट्रीज प्रोप0- श्रीमती संध्या गुप्ता पता- प्लॉट नंबर- 7134-जी, लाईट इण्डस्ट्रीयल एरिया भिलाई, दुर्ग
2. श्रीमती संध्या गुप्ता पति आशीष गुप्ता
3. श्री आशीष गुप्ता आ0 रामचन्द्र गुप्ता दोनों निवासी- मकान नं. 743, हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, पानी टंकी के पास पदमनाभपुर, दुर्ग, तह.व जिला- दुर्ग .... अनावेदकगण

उपरोक्त वादी द्वारा इस न्यायालय में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 14 के अन्तर्गत अनावेदकों द्वारा आवेदक बैंक से टर्म लोन की सुरक्षा हेतु बैंक के पक्ष में रखी गई बंधक संपत्ति- खसरा नंबर 29/19, 29/20, मौजा- सिकोला (2) फैक्ट्री भूमि व भवन प्लाट नं. 134-बी, लाईट इण्डस्ट्रीयल एरिया भिलाई, क्षेत्रफल- 6000 वर्गफीट एवं 134/एच क्षेत्रफल- 9000 वर्गफीट में स्थित फैक्ट्री, भूमि व भवन जो ग्राम छावनी भिलाई, तहसील जिला- दुर्ग में स्थित है को बकाया राशि अदायगी नहीं करने के कारण रिक्त भौतिक आधिपत्य में प्राप्त करने हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्र पर प्रकरण संस्थित कर प्राकृतिक न्याय सिद्धांत के अन्तर्गत अनावेदक को इस न्यायालय द्वारा समक्ष सुनवाई किये जाने हेतु सूचना पत्र जारी कर आहूत किया गया था। जारी नोटिस पत्र अदम तामिल वापस प्राप्त।

चुंकि अनावेदकों को प्रकरण में समक्ष सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर प्रदान किया जाना है। अतएव इस समन के जरिये अनावेदकों को आदेश दिया जाता है कि आप इस मामले की आगामी पेशी दिनांक 22.11.2021 को कलेक्टर, दुर्ग के न्यायालय में व्यक्तिगत रुप से अनिवार्यतः उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। यदि आप निर्धारित सुनवाई तिथि को अनुपस्थित पाये गये तो मामले की सुनवाई आपकी गैरहाजिरी में की जाकर आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 23.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

जिला दण्डाधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. अ-27/2021

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक लाल महेन्द्र साहू पिता स्व. ईतवारी साहू वगैरह निवासी-ग्राम बघेरा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा मौजा ग्राम उरला प.ह.नं. 07 तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 181/2, 181/15, 181/18, 299/2 रकबा क्रमशः 1.7440, 0.6560 हे., 0.6150 हे., 0.1130 हे. भूमिस्वामी हक में है। उक्त आवेदक/ अनावेदक के नाम पर संयुक्त नाम पर दर्ज है। आवेदक द्वारा धारा 178 अंतर्गत बराबर-बराहर हिस्सा में बंटवारा हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदन के बी-1 की छायाप्रति पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/ आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 29/11/21 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/11/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

पेशी दिनांक 29/11/2021

सील

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग, जिला-दुर्ग

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. अ-6/ 2020/21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्ण कुमार यादव पिता बंशीलाल यादव साकिन सुंदर नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 717/51, 762/8 (शा. 762/14) रकबा 0.0030 हे, 0.0110 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार भावना यादव की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28/11/2021 तक स्वयं अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/11/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 12/11/2021
सुनवाई दिनांक 28/11/2021

सील

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग, जिला-दुर्ग

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. अ-6/ 20-21/22

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती भावना जैन पति स्व. अविनाश जैन निवासी सी-12 ऋषभ ग्रीन सिटी तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पुलगांव तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 210/73, 148/4 कुल रकबा 0.011 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार अविनाश जैन की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27/11/2021 तक स्वयं अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/11/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 12/11/2021
सुनवाई दिनांक 27/11/2021

सील

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.ई.पंजी 20211108200003 अ 6/21-22

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता आवेदक विजय कुमार ठाकुर पिता श्यामसिंह ठाकुर एवं अन्य 03 साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्र. 16 ए भूखंड क्र. 168 क्षेत्रफल-91.00 वर्गमीटर भूखंड जो नजूल अभिलेख में धारक विजय कुमार, गोवर्धन सिंह, अजय सिंह, गणेश, दुलारीबाई, लक्ष्मी साकिन कवर्धा के संयुक्त नाम पर दर्ज है। धारक गोवर्धन सिंह ठाकुर, दुलारी बाई ठाकुर, लक्ष्मीबाई ठाकुर पिता श्याम सिंह ठाकुर साकिन द्वारा उक्त भूखंड शीट क्र. 16 ए भूखंड क्र. 168 क्षेत्रफल 91.00 वर्गमीटर को अपने विजय कुमार ठाकुर, अजय सिंह ठाकुर, अजय सिंह ठाकुर, गणेश सिंह ठाकुर पिता श्याम सिंह ठाकुर साकिन कवर्धा के पक्ष में दिनांक 27.10.2021 के अनुसार पंजीकृत हकत्यागनामा निष्पादित किए जाने के फलस्वरूप आवेदकगण द्वारा हक त्यागकर्तागण गोवर्धन, दुलारी, लक्ष्मी का नाम उक्त भूखंड से विलोपित किए जाने हेतु आवेदन पत्रा प्रस्तुत किया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 14.12.21 को नियत की गई है।

अतएव इस नामांतरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 14.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 11.11.2021 को इस न्यायालय के पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक 11.11.2021
पेशी दिनांक 14.12.2021

सील

नजूल अधिकारी
कबीरधाम

न्यायालय नायब तहसीलदार अहिवारा, तहसील धमधा, जिला दुर्ग

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202111102800039/अ-06/21-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/क्रेता पुरेन्द्र कुमार साहू पिता अंकालू राम साहू निवासी आजाद चौक वार्ड नं. 12 सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा भूधारक/विक्रेता किशोर पिता रामजी व अन्य 03 निवासी आजाद चौक शिवपुरी जामुल तहसील व जिला दुर्ग के भूमिस्वामी हक में दर्ज मौजा ग्राम सुरडुंग प.ह.नं. 48 तहसील धमधा जिला दुर्ग छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 850 का टु. रकबा 0.042 हे. लगान खाता अनुसार की भूमि भूधारक किशोर पिता रामजी व अन्य 03 की ओर से आ. मु. आशीष प्रधान पिता किर्तीचंद प्रधान निवासी नंदिनी रोड जामुल भिलाई से पंजीकृत ई पंजीयन आईडी नं. सीजी 5106209072021028 दिनांक 09.07.2021 को क्रय किया जाकर पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर क्रेता स्वयं के पक्ष में नामांतरण किए जाने बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 29.11.2021 तक पेश कर सकते हैं नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 08.11.2021
पेशी दिनांक 29.11.2021

सील

नायब तहसीलदार
अहिवारा

न्यायालय नजूल अधिकारी जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.ई.पंजी 202111082200005 अ 6/2021-22

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता आवेदक रामगोपाल सोनी पिता मुरलीधर सोनी साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्र. 16 ए भूखंड क्र. 38/2 क्षेत्रफल-45.00 वर्गमीटर भूखंड हेतु जारी नजूल संधारण खसरा में धारक रामगोपाल पिता मुरलीधर साकिन कवर्धा के नाम पर दर्ज है।

आवेदक रामगोपाल पिला मुरलीधर साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा शीट क्र. 16 ए भूखंड क्र. 38/2 क्षेत्रफल 45.00 वर्गमीटर को धारक रामगोपाल पिता मुरलीधर साकिन कवर्धा के नाम पर भूमिस्वामी हक प्राप्त किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। अत : इस भूमि स्वामी हक के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति जो उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 14.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। अतः आज दिनांक 11.11.2021 को इस न्यायालय के पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक 11.11.2021
पेशी दिनांक 14.12.2021

सील

नजूल जांच अधिकारी
जिला-कबीरधाम

हार्ट अटैक के मरीजों के लिए वरदान बना संजीवनी हार्ट केयर एंड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

राजनांदगांव। राजनांदगांव में कुछ ही समय पूर्व प्रारम्भ हुए संजीवनी हार्ट केयर एन्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में जहाँ पर क्षेत्र में पहली बार हृदय रोगियों के लिए पूर्ण अत्याधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। यहाँ मुंबई से प्रशिक्षित हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. जाहिद खान और उनकी टीम ने राजनांदगाव के सबसे आधुनिकतम हार्ट केयर हॉस्पिटल में दो महीनों के दौरान दस एंजियोप्लास्टी सहित सैकड़ों हृदय रोगियों के शत प्रतिशत सफल इलाज किया गया है जिनमे एंजियोप्लास्टी के साथ स्टंटिंग और सर्जरी शामिल हैं।

एक सर्वे के मुताबिक आज के समय में दुनियाभर में युवाओं में भी हृदय रोग का खतरा तेजी से बढ़ता जा रहा है। आज के वक्त में युवाओं में दिल की बीमारी सामान्य हो गई है. वहीं अब युवतियों-महिलाओं में भी हार्ट अटैक का जोखिम बढ़ने लगा है. हार्ट अटैक के अलावा कम उम्र की महिलाओं में अन्य दिल की बीमारियां भी देखने को मिल रही हैं। दिल के दौरे का इलाज से ज़्यादा बचाव जरुरी होता है।

संजीवनी हार्ट केयर एन्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के प्रमुख हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. जाहिद खान के अनुसार हमारा हृदय यानी की दिल एक मस्कुलर अंग है, जो दिन में 1 लाख बार धड़कता है। हमारा दिल छाती के बाईं ओर होता है, जो कि 24 घंटों में पूरे शरीर में 5000 गैलन रक्त पंप करता है। हृदय का मुख्य कार्य हमारे टिश्यू को ऑक्सीजन और पोषक तत्वों की आपूर्ति करना है। यह शरीर को कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य विषाक्त से छुटकारा पाने में भी मदद करता है। मेडिकल की भाषा में कहें तो हार्ट अटैक को मायोकार्डियल इंफ्राक्शन के रूप में जाना जाता है।

हार्ट अटैक और कार्डियक अरेस्ट में काफी अंतर है। आम बोलचाल की भाषा में दिल का दौरा पड़ना दरअसल हार्ट अटैक कहलाता है, और कार्डियक अरेस्ट इससे अलग और ज़्यादा खतरनाक साबित हो सकता है। कार्डियक अरेस्ट में दिल के भीतर विभिन्न हिस्सों के बीच सूचनाओं का आदान-प्रदान गड़बड़ हो जाता है, जिसकी वजह से दिल की धड़कन पर बुरा असर पड़ता है. स्थिति पूरी तरह बिगड़ने पर दिल की धड़कन रुक जाती है और व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है. जिन लोगों को पहले से दिल की बीमारी हो, उनमें कार्डियक अरेस्ट होने की आशंका ज़्यादा रहती है. जिन लोगों को पहले हार्ट अटैक हो चुका हो, उनमें कार्डियक अरेस्ट की आशंका बढ़ जाती है.हृदय की मांसपेशियां शरीर की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त रक्त पंप करने में असमर्थ होती हैं। मरीजों को अक्सर इस स्थिति की शिकायत तब होती है जब उनका दिल कमजोर हो जाता है या किसी अन्य हृदय संबंधी स्थिति से क्षतिग्रस्त हो जाती है, जैसे कि दिल का दौरा, जन्मजात हृदय दोष, कोरोनरी धमनी रोग, हाई ब्लड प्रेशर या कार्डियोमायोपैथी इत्यादि। इ.सी.जी., चेस्ट एक्स-रे, इकोकार्डियोग्राम, एंजियोग्राम, कार्डिएक सी.टी. या एम.आर.आई, इत्यादि के ज़रिये रोग के बारे में जानकारी प्राप्त करना आज के समय में बहुत ही आसान है। सीने में जकड़न और बेचैनी, सांसों का तेजी से चलना, चक्कर के साथ पसीना आना, नब्ज कमजोर पड़ना और बेचैनी होने जैसी हार्ट अटैक के प्रमुख लक्षणों को पहचानें और तत्काल चिकित्सीय सहायता प्राप्त करना चाहिए।

आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने में सक्षम अत्याधुनिक उपकरणों और संसाधनों से सुस्सजित संजीवनी हार्ट केयर एन्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में हृदय रोगियों के लिए हर समय उपलब्ध रहने वाले हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर के साथ उन्नत कार्डिएक कैथ लैब मशीन की सुविधा, कार्डियक एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, स्टेंटिंग, पेसमेकर लगाने हेतु सर्वसुविधायुक्त इकाई 24 X 7 उपलब्ध हैं जो कि अनेक गंभीर मरीजों के इलाज हेतु महत्वपूर्ण साबित हुई हैं। अस्पताल के पास नवीनतम वेंटिलेटर, मॉनिटर, लाइफ सपोर्ट सिस्टम है साथ ही योग्य और अनुभवी सलाहकार,, गहन चिकित्सा विशेषज्ञ , प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ और तकनीशियन की समर्पित टीम जो ऐसे रोगियों को अच्छी देखभाल के साथ उनके उत्तम स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने के लिए हर समय उपस्थित है।

रदेश पत्रकार संघ की बैठक जतमई में 17 को, जुटेंगे जिले के पांचों ब्लॉक के पत्रकार

देवभोग। पत्रकारों के ऊपर होने वाले विभिन्न प्रकार के समस्याओं को लेकर एक बार फिर जिले के पत्रकार अपने हक की लड़ाई लड़ने के लिए एक मंच पर एकजुट हो गए हैं। बकायदा इसके लिए आने वाले 17 नवंबर को जतमई घटारानी में प्रदेश पत्रकार यूनियन छत्तीसगढ़ के बैनर तले जिले के पांच विकास खंडों के विभिन्न समाचार पत्रों के संवाददाता एवं पत्रकार , सहित हाकर को भी इस बैठक में शामिल होंगे कीयो की वर्तमान में सरकार हितकारी योजना का लाभ नही मिल पा रहा है। बता दें कि समाज के विभिन्न प्रकार के मुद्दों को लेकर शासन प्रशासन तक पहुंचाने एवं जनता से सरोकार रखने वाले पत्रकारों के ऊपर होने वाले विभिन्न प्रकार के समस्याओं व विभिन्न मुद्दों लेकर चर्चा की जानी है। जिसमें संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप सान्याल ,, प्रदेश महासचिव सतीष बौद्ध ,, प्रदेश संगठन के पदाधिकारी सम्मिलित हो कर मार्गदर्शन देंगे साथ ही साथ जिला इकाई एवं ब्लॉक इकाई के पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाना है। वही संगठन के सभी पदाधिकारी एवं समस्त सदस्यों को अधिक से अधिक संख्या में 11 बजे मां जतमई धाम में सम्मिलित होने का अपील जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राजपूत द्वारा किया गया

सांसद की अनुशंसा पर 13 लाख स्वीकृत

गरियाबंद । महासमुंद लोकसभा सांसद चुन्नीलाल साहू की अनुशंसा पर कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने सांसद निधी से 13 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार फिंगेश्वर विकासखण्ड के ग्राम गुण्डरदेही में तरजुंगा मार्ग पर पुलिया निर्माण हेतु 3 लाख रूपये, ग्राम खैरझिटी में तालाब के पास शेड निर्माण हेतु 5 लाख रूपये और ग्राम पंचायत बेहरापाल में संतोषी साहू घर से नहर मार्ग तक सीसी रोड निर्माण हेतु 5 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई है। क्रियान्वयन एजेंसी का दायित्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद फिंगेश्वर को सौंपा गया है।

निगम ने अवकाश के दिनों में भी की राजस्व वसूली

राजनांदगांव। निगम सीमांतर्गत संपत्तिकर, समेकितकर,जलकर एवं दुकान किराया की वसूली को दृष्टिगत रखते हुये निगम कार्यालय अवकाश के दिनों में भी निगम कार्यालय के राजस्व विभाग में चालू रहेगा। उपायुक्त सुदेश कुमार सिंह ने बताया कि वित्तय वर्ष 2021-22 में राजस्व वसूली शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप नहीं होने पर आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के निर्देश पर 11 नवंबर से वार्डो में राजस्व वसूली हेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही कर दाताओं की सुविधा हेतु कर की राशि जमा करने अवकाश के दिनों में भी राजस्व कार्यालय खुला रहेगा। उन्होंने करदाताओं से अपने बकाया कर एवं किराये की राशि का भुगतान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कर का भुगतान समय सीमा में नहीं करने पर अधिभार सहित बकाया कर की वसूली की जावेंगी।

रानीसागर बुढ़ासागर सौंदर्यीकरण कार्य की जांच के लिए निगम ने की टीम गठित

राजनांदगांव। शहर में कराये जा रहे सौंदर्यीकरण कार्य के तहत नगर निगम द्वारा रानीसागर, बुढ़ासागर एवं उसके आसपास सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। सौंदर्यीकरण कार्य की जॉच कराने सामान्य सभा की बैठक दिनांक 7 जुलाई 2021 के निर्णय अनुसार महपौर परिषद की बैठक दिनांक 31 अगस्त 2021 में जॉच समिति गठित करने का निर्णय लिया गया था। निर्णय के परिपालन में नगर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने निगम के तकनीकी अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों का जांच समिति गठित किया। समिति में नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य मधुकर वंजारी, जल कार्य विभाग के प्रभारी सदस्य सतीश मसीह, राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य विनय झा के अलावा नेता प्रतिपक्ष द्वारा नामित दो पार्षद विजय राय व शरद सिन्हा को लिया गया है। इसके अलावा सौंदर्यीकरण कार्य की जांच किये जाने कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके, सहायक अभियंता दीपक अग्रवाल एवं संदीप तिवारी को नामित किया गया है।

कलेक्टर ने किया नांदघाट-मारो क्षेत्र के टीकाकरण कार्य का मुआयना

बेमेतरा। कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने आज नवागढ़ विकासखण्ड के ग्राम टेमरी, दर्री, दुधिया नवागांव एवं कांपा (मारो) का दौरा कर टीकाकरण कार्य की प्रगति का मुआयना किया। कलेक्टर ने कोविड संक्रमण से निपटने के लिए किये जा रहे प्रयासों के संबंध मे जानकारी ली। कलेक्टर ने आम नागरिकों से बेहिचक टीकाकरण की अपील करते हुए कहा कि शासन के निर्देश पर लोगों का निःशुल्क टीकाकरण सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों मे लगाया जा रहा है। आम नागरिक कोरोना संक्रमण से बचने के लिए प्रथम एवं द्वितीय खुराक का टीका अवश्य रुप से लगवाएं, सोशल डिस्टेंस का पालन करें, भीड़-भाड़ वाले स्थानों मे न जायें, दो गज की दूरी मास्क है जरुरी नियम का पालन करें। निरीक्षण के दौरान एसडीएम नवागढ़ विश्वास राव मस्के, जनपद पंचायत सीईओ आलोक सातपुते सहित अन्य अधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं एसपी पहुंचे ओड़िशा सीमा, अवैध धान परिवहन रोकने बनाए चेक पोस्ट का किया निरीक्षण

- सीमावर्ती इलाकों से धान की परिवहन पर लगेगी रोक
- अब 13 से 18 चेकपोस्ट बनेंगे

गरियाबंद। कलेक्टर निलेश क्षीरसागर एवं एसपी श्रीमती पारुल माथुर ने देवभोग विकासखंड अंतर्गत उड़ीसा सीमा से लगे विभिन्न चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण कर धान खरीदी के पूर्व की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर निलेश क्षीरसागर ने एवं पुलिस अधीक्षक पारुल माथुर ने राज्य की सीमाओं से लगे जिले कालाहांडी, नवरंगपुर, नुआपाड़ा से सटे चेक पोस्ट खुटगाव, खोकसरा,झिरिपानी, केंदूबंद चेक पोस्टों का औचक निरीक्षण कर तैनात कर्मियों से जानकारी ली। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश किया कि किसी भी स्थिति में सीमावर्ती इलाकों से राज्य में धान की आवक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने राजस्व, पुलिस, मंडी, खाद्य विभाग की टीम को रोस्टर बनाकर 24 घंटे चेकपोस्ट में तैनात करने के लिए निर्देश दिए हैं ।साथ ही अब 24 घंटे पेट्रोलिंग टीम भी निरीक्षण करेगी। परिस्थितियों को देखते हुए 13 चेकपोस्ट के स्थान पर अब 18 चेकपोस्ट बनाए गए हैं। अधिकारियों द्वारा ऐसे 5 पगडंडियों का भी मुआयना किया गया जहां से अवैध धान आने की संभावना है। कलेक्टर एवं एसपी ने ऐसे रास्तों में भी सतत निगरानी के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान चेक पोस्ट में तैनात कर्मियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए कहा कि उन्हें आवश्यक सुविधाएं दी जाएगी जिससे वे तन्मयता से निगरानी करें। निरीक्षण के पश्चात उनके द्वारा स्थानीय रेस्ट हाउस में बैठक कर आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए गए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिले में स्थापित होने वाले प्रदेश के पहले फूड पार्क की तैयारियों का जायजा भी लिया और सक्रिय महिला समूह के सदस्यों से बातचीत की। उन्होंने विश्वास दिलाया के उनके कार्य और सक्रियता को देखते हुए यह फूड पार्क स्थापित किया जा रहा है ।इस दौरान वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद थे धान निरीक्षण के दौरान एडिशनल एसपी , अनुविभागीय अधिकारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद थे राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

कलेक्टर ने की धान खरीदी की समीक्षा, दिए निर्देश

- सीमावर्ती एवं संवेदनशील उपार्जन केन्द्रों में हो सतत निगरानी

गरियाबंद। शासन के समर्थन मूल्य पर धान खरीदी नीति के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2021-22 में आगामी 01 दिसम्बर से धान खरीदी प्रारंभ होगी। धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा करते हुए आज कलेक्टर निलेश क्षीरसागर ने सभी अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, खाद्य, कृषि, मार्कफेड, सहकारिता एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में अपर कलेक्टर जे.आर चौरसिया, अनुविभागीय अधिकारी विश्वदीप, एडिशनल एस.पी चन्द्रेश ठाकुर, छुरा एस.डी.एम श्रीमति शीतल बंसल, डिप्टी कलेक्टर भूपेन्द्र साहू मौजूद थे। इसके अलावा राजिम, मैनपुर एवं देवभोग अनुभाग एवं तहसीलदार वीडियो कॉन्फ्रेंस से जुड़े थे। कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप 01 दिसम्बर से धान खरीदी की जानी है, जिसकी व्यापक और चाक-चौबंद व्यवस्थाएं किया जाए। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को सीमावर्ती क्षेत्रों एवं अति संवेदनशील क्षेत्रों में सतत निगरानी के निर्देश दिये है। साथ ही समिति स्तर एवं जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि सभी उपार्जन केन्द्रों में बारदाना, इलेक्ट्रॉनिक तौल, ड्रेनेज एवं तारपोलिन की माकूल व्यवस्था सुनिश्चित हो। श्री क्षीरसागर ने कहा कि खरीदी के दौरान छोटे किसानों को पहले टोकन जारी किया जाए तथा एक बार में एक सप्ताह के लिए टोकन जारी करें। सूर्यास्त के बाद किसी भी स्थिति में धान की खरीदी नहीं होगी। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारियों को बारदानों में स्पष्ट रूप से मार्किंग करने के निर्देश दिये है। कलेक्टर ने ऐसे समितियों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये है, जहां स्टॉक मिलान करने पर अंतर आये। साथ ही ऐसे प्रबंधकों को अन्यत्र समितियों में भेजने के निर्देश दिये जिनके विरूद्ध पूर्व में एफआई.आर दर्ज की गई है।

गहने एवं नगदी रकम को चोरी करने वाले 3 चोरों को चौकी पोड़ी पुलिस ने महज 48 घंटे के भीतर धर दबोचा

कवर्धा। कबीरधाम जिले के थाना बोड़ला के चौकी पोड़ी में प्रार्थी विजयकांत शुक्ला के द्वारा दिनांक- 08/11/2021 को चौकी पोड़ी आकर रिपार्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक- 04/11/2021 को दिपावली के त्यौहार पर लक्ष्मी पूजा के समय घर में रखे सभी जेवर और नगदी रकम को आलमारी से निकालकर घर के पूजा स्थल पर पूजा करने हेतु रखे थे, तथा पूजा के बाद पुनः सारे जेवर एवं नगदी रकम को अलमारी के अंदर रखकर अलमारी लॉक कर चाबी उसी कमरे के दिवाल में कपड़ा लटकाने वाले हेंगर में हमेशा की तरह लटका दिए थे। दिनांक- 06/11/2021 को भाई दूज के त्यौहार पर अपने छोटे भाई अजयकांत शुक्ला के साथ अपनी बहन के घर मंडला चला गया था। तब घर में मेरी पत्नी और बेटा था। दिनांक- 08-11-21 को शाम 05 बजे आया तो मेरी पत्नी के द्वारा बताया गया कि दिनांक- 07/11/2021 को रात्री 10 बजे के लगभग मैं और बेटा खाना खाकर दूसरे कमरे में सो गये थे, जिस कमरे में अलमारी रखी हुई थी उसके अंदर मैं एक स्टील का डिब्बा रखी थी। जिसमे नगदी रकम 30,000/ रुपये, 1 नग इस्तेमाल किया हुआ सोने का हार वजनी डेढ तोला, किमती 30,000/ रुपये, 01नग इस्तेमाली सोने का मंगलसूत्र किमती 15,000 रुपये, 01 नग सोने का चैन किमती 30,000 रुपये, 02 नग सोने का अगुठी कीमती 30,000/ रू., 12 नगः लक्ष्मी छाप चांदी का सिक्का 7000/ रुपये, 01 नग चांदी का करधन किमती 1800/रू।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी, ...

लाया गया। इसके बाद तीनों के शव अंतिम दर्शन के लिए रामलीला मैदान लाए गए। जहां हजारों लोगों ने श्रद्धांजलि दी। वहीं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की ओर से उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने शहीद को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सांसद गोमती साय, विधायक प्रकाश नायक, विधायक लैलूंगा चक्रधर सिदार, जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, कलेक्टर भीम सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा रायगढ़ शहर के हजारों लोगों ने एयरपोर्ट पर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की।

रानी कमलापति का...

स्टेशन पर आने वाले करीब 1500 यात्री एक साथ अंडरग्राउंड सब-वे से गुजर सकेंगे। स्टेशन में ऐसे दो सब-वे बनाए गए हैं। भीड़ के दबाव को भी कम किया जा सकेगा। स्टेशन में एक नंबर प्लेटफार्म की तरफ से एंट्री ग्लास डोम वाले चमचमाते गेट से होगी। एक प्लेटफॉर्म पर एक समय पर 2 हजार यात्री ट्रेनों का इंतजार कर सकेंगे। 36 मीटर ऊंची बिल्डिंग में 2000 से अधिक यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था है।

पीएम मोदी आज...

संख्या 31 पर स्थित गांव हैदरिया में खत्म होता है। एक्सप्रेस-वे 6 लेन चौड़ा है, जिसे भविष्य में 8-लेन तक बढ़ाया जा सकता है। लगभग 22,500 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से निर्मित, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से उत्तर प्रदेश के पूर्वी भाग, विशेष रूप से लखनऊ, बाराबंकी, अमेठी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अंबेडकर नगर, आजमगढ़, मऊ और गाजीपुर जिलों के आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

मुख्यमंत्री भूपेश ने मांगी ...

उत्पादक राज्य है। ऐसे में छत्तीसगढ़ को जो हजारों करोड़ों रुपया जीएसटी के क्षतिपूर्ति का लाभ मिलना चाहिए उसे केंद्र सरकार लगातार रोक रही है। केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ का हिस्सा नहीं दिए जाने पर मुख्यमंत्री ने इस संबंध में निर्मला सीतारमण से राशि जारी करने कहा है, जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था सुचारू हो सके। मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि खाद्य मंत्री अमरजीत भगत भी लगातार प्रयासरत है कि छत्तीसगढ़ के गरीबों के चावल के अनुदान की राशि 3 हजार करोड़ रुपए से भी अधिक है जो अब भी शेष है। यह राशि छत्तीसगढ़ को मिले जिसके लिया प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि जब भी बैठक होती हैं उस वक्त छत्तीसगढ़ की जो हक और अधिकार है उसी अनुरूप मांग किया जाता है ताकि छत्तीसगढ़ का हिस्सा प्रदेश को बराबर मिलता रहे।

बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव मनोज पिंगुआ, मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी , वित्त सचिव अलरमेल मंगई डी सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित है।

99 देशों के यात्रियों को...

कैटेगरी में रखा है। इसमें यूके, दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, बांग्लादेश, बोत्सवाना, चीन, मॉरीशस, न्यूजीलैंड, जिम्बाब्वे और सिंगापुर सहित यूरोप के देश शामिल हैं।

भाठागांव बस टर्मिनल...

महिला और पुरुष डोरमेट्री है। महिला और पुरुष के साथ-साथ थर्ड जेंडर टॉयलेट भी हैं। वहीँ इस नए बस स्टैंड के कैंपस में चारो तरफसीसीटीवी कैमरे से निगरानी करने की व्यवस्था बनाई गई है।

सुरक्षा के लिहाज़ से यहाँ पुलिस फोर्स भी तैनात किया गया है। जानकारी के मुताबिक यहां से प्रदेश के अन्य शहरों और ग्रामीण इलाकों के साथ अन्य प्रदेशों के लिए 900 बसें हर दिन चलेंगी।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग
उद्घोषणा

प.नं. 202111100400029

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बाबूलाल चुरेन्द्र आ. स्व. परदेशी राम निवासी- सेक्टर 04 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उतई प.ह.नं. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 65/10 रकबा 0.0200 हे. अर्थात 2206 वर्गफुट भूमि के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59/2 के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09/11/2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग

न्यायालय अति. तहसीलदार दुर्ग जिला-दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

अ-6 वर्ष/ 2021

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भोलाराम देवांगन पिता गैंदलाल देवांगन निवासी शंकर नगर मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि ख.नं. 602/1 रकबा 0.6030 हे. भूमि को आम मुख्त्यार रमाकांत श्रीवास्तव पिता झुकुमलाल श्रीवास्तव से दिनांक 11/08/2021 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25/11/2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/11/2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 08.11.2021
सुनवाई दिनांक 25.11.2021

सील

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अति. तहसीलदार दुर्ग जिला-दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

अ-6 वर्ष/ 2021

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुशील साहू पिता सुखीराम साहू निवासी वार्ड-15 बजरंगपार उरला दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि ख.नं. 219/9 बटवारा शुदा रकबा 63.19 वर्गमीटर भूमि को 30/10/2021 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25/11/2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/11/2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 08.11.2021
सुनवाई दिनांक 25.11.2021

सील

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग वि/यां संभाग रायपुर (छ.ग.)

ज्ञाप क्रमांक 5339/व.ले.लि. — रायपुर, दिनांक 12/11/2021

शुद्धि पत्र

निविदा सूचना क्रमांक 5192/NIT- 23/2021-2022/व.ले.लि. दिनांक 02/11/2021 में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :-

1) एन.आई.टी. क्र. 23 के निविदा क्र. T0206, T0207, T0208 (कुल 03 नग निविदा) को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

(जी क्रमांक 64951/3)

जी-65115/3

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. वि./यां. संभाग रायपुर (छ.ग.)

इंडियन बैंक Indian Bank — INDIAN BANK शाखाः बालोद (छ.ग.)

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत

ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता	प्रकार / सीमा / बकाया ऋण	संपत्ति का विवरण
1. मेसर्स प्रकाश गल्ला भण्डार ऋणी/प्रोपराईटर- स्व. प्रकाश चन्द साहू, जवाहर पारा, वार्ड-11, बालोद, पिन- 491226 (छ.ग.), वर्तमान पता- आमापारा, वार्ड नं. 13, बालोद, पिन- 491226 (छ.ग.) 2. स्व. श्री प्रकाश चन्द साहू की संपत्ति का प्रतिनिधित्व कानूनी उत्तराधिकारी श्री जितेन्द्र कुमार साहू, श्री राजेन्द्र कुमार साहू, श्री सचिन कुमार साहू एवं श्रीमती रोशनी साहू के द्वारा किया जाता है। जवाहर पारा, वार्ड-11,	नगद ऋण / ₹ 22,00,000/- / दिनांक 12.10.2021 तक ₹ 23,52,043/- एनपीए तिथि 27.08.2018	स्व. प्रकाश चंद साहू के नाम पर खसरा नं. 970/5, वार्ड 13, पीएच-6, आमापारा अंबेडकर वार्ड, पीएच-6, बालोद, 2857 वर्ग फीट में स्थित आवासीय भूमि। चौहद्दीः उत्तर- विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण- विक्रेता की शेष भूमि, पूर्व- मनोज निर्मलकर का प्लॉट, पश्चिम- सड़क।

बालोद, पिन- 491226 (छ.ग.), वर्तमान पता- आमापारा, वार्ड नं. 13, बालोद, पिन- 491226 (छ.ग.) 3. श्री जितेन्द्र साहू पिता- स्व. प्रकाश चन्द साहू- गारंटर, जवाहर पारा, वार्ड-11, बालोद, पिन- 491226 (छ.ग.), वर्तमान पता- आमापारा, वार्ड नं. 13, बालोद, पिन- 491226 (छ.ग.)

इन्हें सूचित करने के लिए अन्य वैकल्पिक माध्यमों के द्वारा उपाय किये जा रहे हैं। उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी और/या उनके जमानतदारों जहाँ लागू हो को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन की तिथि के 60 दिनों के भीतर अपनी बकाया राशि का भुगतान कर दें अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि के 60 दिनों के पश्चात वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम (SARFAESI ACT) 2002 की धारा 13(4) के तहत आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। आपका ध्यान रक्षित संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध मान्य हेतु अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है। यह सूचना बैंक के पास, उपलब्ध किसी भी अन्य उपाय पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना की है।

दिनांकः 15.11.2021, स्थानः बालोद (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी/ इंडियन बैंक

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

नौनिहालों को मिलेगी भरपूर प्रोटीन की खुराक, सभी आंगनबाड़ियों में अंडा वितरण शुरू

■ **मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान को जिले में मजबूत करने प्रशासन का विशेष कदम**

कोरिया। नौनिहालों को सुपोषित स्वस्थ रखने की दिशा में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान को जिले में मजबूत करने और जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए के कुछ समय से बंद हो चुके योजना को कलेक्टर श्याम धावड़े की विशेष पहल पर पुनः जिले के सभी आंगनबाडी में प्रोटीन के भरपूर स्त्रोत अंडा का वितरण शुरू किया गया।

इसी कड़ी में कलेक्टर ने ग्राम पंचायत सरभोका में माताओं और बच्चों से मुलाकात की। माताओं और उनके परिजनों को सुपोषण का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की कुपोषण मुक्ति की पहल पर छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी की 150वीं जयंती 2 अक्टूबर 2019 से प्रदेश स्तर पर मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान की शुरुआत हुई है। प्रदेश और कोरिया जिले को कुपोषण से

मुक्ति दिलाने के लिए हम सभी को आपसी सहभागिता और जागरूकता से काम करना होगा। उन्होंने कहा कि बच्चे हमारा भविष्य हैं। आंगनबाड़ी में गरम भोजन, पूरक पोषण आहार दिया जा रहा है। इसके साथ घर पर भी उनके सही पोषण और खानपान का ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि अंडा उत्पादन और आपूर्ति की निरंतरता बनाये रखने के लिए जिले में स्वसहायता समूहों के द्वारा ही यह कार्य किया जाएगा। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं रेडी टू ईट बनाने वाले समूह को पूरक पोषण आहार में गुणवत्ता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

इस दौरान कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत एवं उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा सभी बच्चों को अंडा खिलाया गया और परिजनों को बच्चों को आंगनबाड़ी लाने और उनके उचित पोषण का ध्यान रखने की सलाह दी। कुपोषण मुक्त, सुपोषित कोरिया अभियान के तहत 15-15 दिनों के लिए अंडा वितरण किया जाएगा।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी, सीईओ जिला पंचायत कुणाल दुदावत, सरपंच एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समस्त विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में विकासखण्ड बैकुंठपुर के ग्राम सरभोका में कुपोषण मुक्त, सुपोषित कोरिया के तहत कुपोषित बच्चों एवं उनके अभिभावकों की काउंसिलिंग करते हुये कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।

पेन इंडिया अवेयरनेस एण्ड आउटरीच अभियान का हुआ समापन

जांजगीर-चांपा। अखिल भारतीय आजादी का अमृत महोत्सव के तहत् राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली की कार्ययोजना अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर-चांपा के द्वारा 2

अक्टूबर से 14 नवम्बर तक संचालित पेन इंडिया अवेयरनेस एण्ड आउटरीच अभियान का समापन प्रभात फेरी के आयोजन एवं अन्य विधिक सेवा गतिविधियों के साथ किया गया। तालुका विधिक सेवा समितियों में भी अलग-अलग स्थानों पर कुल 9 प्रभात फेरियों का आयोजन कराया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा न्यायिक कर्मचारी संघ के सहयोग व समन्वय से प्रभात फेरी का आयोजन न्यायालय परिसर से कचहरी चौक तक किया गया। इस दौरान् ''गांव-गांव तक जाना है, विधिक जागरूकता लाना है'', ''विधिक अधिकार बताना है , सबको न्याय दिलाना है'' के नारों से जन समुदाय को जागरूक करने का प्रयास किया गया।

बाल दिवस पर चित्रांकन, निबंध लेखन एवं नारा लेखन प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

जांजगीर-चांपा। अखिल भारतीय आजादी का अमृत महोत्सव के तहत् राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली की कार्ययोजना

अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर-चांपा के द्वारा 2 अक्टूबर से 14 नवम्बर तक संचालित पेन इंडिया अवेयरनेस एण्ड आउटरीच अभियान का समापन प्रभात फेरी के आयोजन एवं अन्य विधिक सेवा गतिविधियों के साथ किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा हेल्प एण्ड हेल्पस समिति के द्वारा जांजगीर में संचालित बालगृह में निवासरत बच्चों के मध्य चित्रांकन (ड्राईंग), निबंध एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। प्राधिकरण के सचिव , पैनल अधिवक्ता परमेष्वर कुमार राठौर एवं बालगृह अधीक्षक के द्वारा प्रतिभागी बच्चों में से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया तथा अन्य समस्त प्रतिभागियों को सांतावना पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान् बालगृह अधीक्षक मनीष कुमार लाल सहित समस्त स्टाफ एवं प्राधिकरण के स्टेनोग्राफर अमरेष चन्द्र श्रीवास्तव के द्वारा आवष्यक सहयोग एवं आयोजन संबंधी अन्य आवष्यक व्यवस्थाओं का कार्य किया।

चलो जलाएं दीप वहां, जहां अभी भी अंधेरा है : विधायक चंदेल

जांजगीर-चांपा। गत दिवस जांजगीर-चाम्पा विधान सभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का दीपावली मिलन समारोह जिला भाजपा कार्यालय जांजगीर में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर भारी संख्या में मतदान केन्द्रों से आये हुए भाजपा कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए छ.ग. विधान सभा के पूर्व उपाध्यक्ष, भाजपा के प्रदेष महामंत्री एवं जांजगीर-चाम्पाा क्षेत्र के विधायक नारायण चंदेल ने दीपावली की हार्दिक बधाई एवं षुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपोत्सव का यह त्यौहार हम सभी लोगों का सबसे बड़ा त्यौहार है। इतिहास व हमारी संस्कृति में इस पर्व का विषेश स्थान है। दीपावली का यह महापर्व सम्पूर्ण समाज को समता, ममता व समरस्ता के साथ सभी को एक सूत्र में बांध के रखने का संदेष देता है। उन्होंने दीपावली के सांस्कृतिक व पुरातन महत्व पर प्रकाष डालते हुए कहा कि अमावस्या की घनघोर अंधेरी रात में एक मिट्टी का दिया अंधेरे से लड़कर सम्पूर्ण समाज को आलोकित करता है, प्रकाष देता है, इस दिये से हम सब लोगों को सीख लेने की आवष्यकता है।

विधायक नारायण चंदेल ने गांव-गांव से बड़ी संख्या में आये भाजपा कार्यकर्ताओं को दीपावली की बधाई व षुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सब को मिलकर इस मिलन समारोह में संकल्प लेने की आवष्यकता है कि हम भारतीय जनता पार्टी को और अधिक मजबूत व सषक्त बनायेंगे। इस अवसर पर उन्होंने सभी के मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर भाजपा जांजगीर-चाम्पा के संगठन प्रभारी, बेलतरा विधायक रजनीष सिंह विषेश रूप से उपस्थित होकर दीपोत्सव के पर्व पर सभी लोगों को बधाई एवं षुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सब लोग संकल्प ले की अधिक से अधिक वैक्सीनेषन लगे।

निधन

श्रीमती अनिता राठौर

जांजगीर-चाम्पा। जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम खोखरा के

प्रतिष्ठित नागरिक धनाराम राठौर की धर्मपत्नि श्रीमती अनिता राठौर का 49 वर्ष की आयु में दुःखद निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम स्थित मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके जेष्ठ पुत्र राकेश राठौर ने दी। वे पत्रकार दुर्गेश राठौर की माता थी। श्रीमती राठौर अपने पीछे एक पुत्री, 2 पुत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गयी।

बाल सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का उद्घाटन एवं सम्मान समारोह

10वीं व 12वीं प्रणीण्य सूची में आये छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

■ **राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिस्पधाओं में भाग लेकर पदक जीतने वाले बीजापुर स्पोर्ट अकादमी के खिलाड़ियो का सम्मान**

बीजापुर - नवप्रदेश। बाल सुरक्षा सप्ताह के तहत् 14 नवंबर को जिला मुख्यालय में कायर्क्रम का उद्घाटन किया गया। कायर्क्रम में जिलें के 10वी एवं 12 प्रवीण्य सूची में आये छात्र/छात्राओं एवं राज्य,राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय खेल प्रतिस्पर्धा में भाग लेकर पदक जितने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कायर्क्रम का शुभारंभ बीजापुर जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, वन मण्डलाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों के द्वारा सरस्वती माता के फेटो में दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कायर्क्रम में प्रारंभ में पंचशील आश्रम कुटरू के बालिकाओं द्वारा राजगीत 'अरपा पैरी' गाकर कायर्क्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर पंचशील आश्रम के बच्चों द्वारा स्वागत गीत एवं स्थानीय गोंडी बोली में गीत की प्रस्तुती दी गई। जिला बीजापुर में प्रवीण्य सूची मे 10वी के 6 एवं 12वीं के 6 व बीजापुर स्पोट अकादमी के राष्ट्रीय खेल में 14 एवं अंतराष्ट्रीय खेल में 05 खिलाड़ियों को प्रतिस्पधा में भाग लेकर पदक जीतने पर उन्हे सम्मानित किया गया।

कायर्क्रम मे आये विशेष अतिथि कलेक्टर बीजापुर राजेन्द्र कटारा द्वारा बच्चों को अपने लक्ष्य को निश्चित कर जीवन में आगे बढ़ने के लिये मोटिवेशनल स्पीच दी गई चाहे क्षेत्र जो भी जिसमें आपकी रूची है आप उस क्षेत्र में आपने आप को प्रतिस्थापित करें, अपने जिला एवं क्षेत्र का नाम रोशन करें। कायर्क्रम के अंत में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ0 पंकज शुक्ला द्वारा कायर्क्रम में उपस्थित अधिकारीगण, गणमान्य नागरिक, बच्चों एवं पत्रकारों को कायर्क्रम में अपनी महति उपस्थिति देने एवं कायर्क्रम को सफल बनाने के लिये अभार व्यक्त किया गया।

कर्नल विप्लव की शहादत से व्यथित हूं : उमेश पटेल

रायगढ़। उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने कर्नल विप्लव त्रिपाठी एवं उनकी पत्नी व पुत्र के शहादत पर दग्ध हृदय से अपनी गहन शोक के साथ श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा है कि रायगढ़ के सपुत , छतीसगढ़ की माटी को गौरवान्वित करने वाले असम रायफल मे सेवारत कर्नल विप्लव त्रिपाठी एवं उनकी पत्नी अनुजा व पुत्र अबीर के आतंकी हमला में शहीद होने का समाचार जानकर अत्यंत व्यथित हूँ।

शहीद विप्लव त्रिपाठी हमारे रायगढ़ के प्रथम सांसद रहे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. किशोरी मोहन त्रिपाठी के पौत्र एवं वरिष्ठ पत्रकार सांध्य दैनिक के संपादक सुभाष त्रिपाठी व श्रीमती आशा त्रिपाठी के ज्येष्ठ पुत्र थे। शहीद विप्लव के छोटे भाई अनय भी भारतीय सेना में ले. कर्नल है आपका पूरा परिवार हमारे जिले के लिए गौरवशाली है।

इस परिवार से मेरा करीबी एवं आत्मीय संबंध रहा है। मंत्री उमेश पटेल ने कर्नल विप्लव एवं उनकी पत्नी व पुत्र के शहादत से परिवारजनों पर आये बज्राघात को सहन करने हेतु संबल प्रदान करने परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की है। मंत्री उमेश पटेल ने कहा है कि हम त्रिपाठी परिवार के दुःखद बेला में उनके साथ है।

घरघोड़ा के जनदर्शन में ग्रामीणों से रूबरू हुए एसपी अभिषेक मीना

■ **महुआ शराब पर अंकुश लगाने ग्राम रक्षा समिति का पुर्नगठन कर 80 प्रतिशत महिलाओं को शामिल करने के निर्देश**

रायगढ़ । आज दिनांक 13/11/2021 को थाना घरघोड़ा क्षेत्र में घरघोड़ा पुलिस द्वारा जनदर्शन का आयोजन किया गया था । जनदर्शन में ग्रामीणों से चर्चा करने उनकी शिकायत/आवेदनों का मौके पर निराकरण के लिए स्वयं विभाग के मुखिया पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक मीना उपस्थित थे । रुक-रुक कर हो रही बारिश के बीच जनदर्शन में घरघोड़ा तथा आसपास गांव के सैकड़ों ग्रामीण, जनप्रतिनिधि तथा पत्रकारगण शामिल हुए।

कार्यक्रम में एसपी श्री अभिषेक मीना द्वारा जनदर्शन लगाए जाने का उद्देश्य बताने के साथ अपने संबोधन की शुरुआत की गई । पुलिस अधीक्षक बताये कि प्रदेश शासन द्वारा सभी विभाग प्रमुखों को जनदर्शन के माध्यम आमजन की शिकायतों का त्वरित रूप से निराकरण कराए जाने का निर्देश प्राप्त हुआ है । इन निर्देशों के तहत यह जिले में पहला जनदर्शन है पुलिस अधीक्षक बताएं कि जनदर्शन का कार्यक्रम निरंतर जारी रहेगा । इसकी रूपरेखा तैयार कर ली गई है, जिसके अनुसार वे स्वयं जनदर्शन में उपस्थित होकर जिलेवासियों की शिकायतें व सुझाव लेंगे । इसी प्रकार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारीगण भी अपने-अपने क्षेत्र में अनिवार्य रूप से एक दिन जनदर्शन का आयोजन करेंगे । साथ ही थाना प्रभारीगण द्वारा भी अपने क्षेत्र में चलित थाना के माध्यम से आमजन से सीधे तौर पर जुड़कर उनसे उनके शिकायत सुझाव प्राप्त कर उनका निराकरण करेंगे । वें बताएं कि आप ना केवल पुलिस विभाग की बल्कि अन्य विभागों की भी समस्याएं जनदर्शन में ला सकते हैं जिन्हें संबंधित विभाग से समन्वय बनाकर उनका निराकरण कराया जावेगा । उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई अपनी शिकायत पर गोपनीय रखना चाहता है तो इसका भी पूर्ण ध्यान रखा जावेगा ।

मेयर जानकी काटजू ने सामुदायिक भवन के लिए खाली जमीन की जांच कराने दिए निर्देश

■ **मेयर, कमिश्नर व एमआईसी सदस्यों ने किया वार्ड क्रमांक 9 का निरीक्षण**

रायगढ़। रियापारा आंगनबाड़ी केंद्र स्थित मोहल्लेवासियों ने खाली जमीन पर सामुदायिक भवन निर्माण कराने की मांग की। इस पर मेयर श्रीमती जानकी काटजू ने वार्ड के खाली जमीन की नाप जोक के साथ जांच कराने और उसके बाद सामुदायिक भवन निर्माण महापौर निधि से कराने के निर्देश निगम के अधिकारियों को दिए।

शनिवार की सुबह मेयर श्रीमती जानकी काटजू, कमिश्नर एस जयवर्धन व एमआईसी सदस्यों ने वार्ड क्रमांक 9 का निरीक्षण किया। इस दौरान रियापारा पूरीमठ से लेकर मुख्य मार्ग और अन्य गली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रियापारा और पूरीमठ गली में सीसी सड़क निर्माण कराने के निर्देश कार्यपालन अभियंता को दिए गए। इस दौरान वार्ड में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। क्षेत्र के सकरी गलियों में भी पैदल चलकर महापौर श्रीमती जानकी काटजू, कमिश्नर एस जयवर्धन और एमआईसी सदस्यों ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय निवासियों के मांग के अनुरूप सफाई, नाली, सड़क और पानी सप्लाई के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

आतंकी हमले में शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के निवास पहुंचे विधायक प्रकाश नायक

रायगढ़। मणिपुर आंतकी हमले में शहीद रायगढ़ के होनहार कर्नल विप्लव त्रिपाठी के रायगढ़ किरोड़ीमल कॉलोनी स्थित निवास स्थल पर विधायक प्रकाश नायक पहुँचे।रविवार को सुबह यहाँ पहुँचकर विधायक ने शहीद विप्लव के पिता बयार प्रेस के संपादक श्री सुभाष त्रिपाठी व उनकी माता श्रीमती आशा त्रिपाठी तथा शोकाकुल परिवार से मुलाक़ात कर उन्हें ढांढ़स बंधाया और शहीद विप्लव,उनकी पत्नी तथा बच्चे को अपनी श्रद्धांजलि दी।

इस मौक़े पर विधायक श्री नायक ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि कल मणिपुर में हुए आतंकी हमले में हमारे रायगढ़ के होनहार कर्नल विप्लव त्रिपाठी,उनकी पत्नी व बच्चे का निधन हो गया।मैं इस घटना से स्तब्ध हूं और पूरा शहर शोक में डूबा हुआ है।

शिविर | **आज सात सुरों के भजनों से सजेगा श्री श्याम दरबार**

श्याम अखंड पाठ से गूंजा शहर, श्याम रंग में रंगे शहरवासी

■ **भजन गायक देंगे अनुपम भजनों की प्रस्तुति**

रायगढ़ । छत्तीसगढ़ प्रदेश की सामाजिक धार्मिक एवं रचनात्मक कार्यों में सक्रिय धार्मिक संस्था श्री श्याम मंडल द्वारा संजय काम्पलेक्स स्थित श्री श्याम मंदिर में 43वें विराट श्री श्याम महोत्सव 2021 के पहले दिन श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरा श्याम मंदिर परिसर श्री श्याम अखंड पाठ से गूंज उठा। उपस्थित भक्त श्री श्याम के रंग में रंगे नजर आए। महोत्सव के दूसरे दिन रविवार को श्री श्याम भजनों की अनुपम व सुमधुर प्रस्तुति होगी। श्याम भक्त सुमधुर भजनों की सुर-सलिला में गोता लगाएंगे।

श्री श्याम मंडल के प्रचार मंत्री महावीर अग्रवाल ने बताया कि श्री श्याम महोत्सव के दूसरे दिन के क्रम में 14 नवंबर को रात्रि जागरण होगा। भजन संध्या में शाम 7बजे से विशेष रूप से आमंत्रित भारत के सुप्रसिद्ध भजन स्वर सम्राट सरदार हर महेन्द्रपाल सिंह ''रोमी'' फतेहाबाद (उ.प्र.), जानी-मानी स्वर कोकिला अंजली द्विवेदी बरेली (उ.प्र.), आमंत्रित भजन कलाकार अरविन्द सहल कोलकाता (पश्चिम बंगाल) एवं स्वर साधिका सुप्रसिद्ध भजन गायिका शैली शर्मा जयपुर राजस्थान, मशहूर स्वर साधक सुनील शर्मा जयपुर राजस्थान अपने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देंगे। ये सभी भजन गायक अपने सुमधुर श्याम भजन गायकी से जन-जन के मानस पटल पर अपनी रसीली मधुर अमिट छाप छोडेंगे। भजनों की पावन गंगा को प्रवाहित करने इन सभी कलाकारों का नगर आगमन हो चुका है। श्री श्याम मंडल के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, सचिव राजेश चिराग, पुरूषोत्तम अग्रवाल, नरसिंग केडिया, प्रोग्राम अध्यक्ष शिव थवाईत, ओम प्रकाश अग्रवाल, सुनील बंसल, रामअवतार केडिया, रामकुमार बंसल, बसंत पालीवाल, दिनेश सी.ए, श्याम सुन्दर गर्ग, राजेन्द्र अग्रवाल, विजय बंसल, बजरंग अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष कैलाश चंद अग्रवाल ने नगर की समस्त माताओं बहनों एवं भाईयों से सपरिवार इष्ट मित्रों सहित कार्यक्रमों में भाग लेकर व भजनों में आनंद लेकर पुण्य अर्जित करने की अपील की है।

आज के ही दिन खाटू में

आधी रात मनाया जाएगा श्री श्याम प्रभु का जन्मोत्सव

अध्यक्ष राजेश अग्रवाल एवं प्रचार मंत्री महावीर अग्रवाल ने बताया कि रविवार की रात्रि 12 बजे श्री श्याम प्रभु का जन्मोत्सव अपार श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। इस शुभ अवसर पर श्याम प्रभु को 56भोग का प्रसाद अर्पण भी किया जाएगा। इसके अलावा देश विदेशो में अपने भजनों की धूम मचाने वाले ये सभी आमंत्रित भजन गायक पूरे रात भजनों की अमृत वर्षा करेंगे। मंदिर के अन्दर 24 घंटे श्री श्याम प्रभु की अखंड ज्योति प्रज्जवलित होगी। मंदिर के गर्भ गृह में इस शुभ जन्म दिन के अवसर पर श्री श्याम प्रभु का फूलों से सुसज्जित विशेष श्रृंगार के मध्य श्याम प्रभु विराजमान होंगे।

छग शांति प्रिय राज्य है, सांप्रदायिक घटनाएं किसी भी कीमत पर नहीं होनी चाहिए : डीजीपी

■ **वर्ष के अंत में आंकड़े कम करना नहीं, लोगों को न्याय दिलाने की हो प्राथमिकता**

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने सोमवार को पुलिस मुख्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी पुलिस अधीक्षकों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में चिटफंड प्रकरणों, राजनैतिक एवं आदिवासियों से प्रकरणों की वापसी, गांजा एवं शराब की अवैध तस्करी, जुआ-सट्टा समेत विभिन्न विषयों पर दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया कि चिटफंड के प्रकरणों पर तेजी से कार्य करें। इसके साथ ही राजनैतिक एवं आदिवासियों से प्रकरणों की वापसी पर गंभीरता से निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गांजा एवं अन्य मादक पदार्थों की अवैध तस्करी के साथ राज्य में होने वाली खपत पर भी विशेष नजर रखें। बैठक में एडीजी हिमांशु गुप्ता, रायपुर आईजी डॉ आनंद छावड़ा, आईजी एससी द्विवेदी, एआईजी एमएल कोटवानी, एआईजी मनीष शर्मा उपस्थित रहे।

हॉट स्पॉट पर विशेष ध्यान देने के निर्देश : डीजीपी ने सभी पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए कि अपने जिले के हॉट स्पॉट पर विशेष ध्यान दें। शहर के ऐसे स्थान जहां पर अपराध ज्यादा घटित होते हैं या ज्यादा संभावनायें हैं ऐसी जगहों पर विशेष सतर्कता बरतें। इसके साथ ही ऐसे स्थानों को चिह्नित कर वहां प्रतिदिन शाम को पुलिस की मौजूदगी दिखनी चाहिए। सभी पुलिस अधीक्षक अपने जिलों के थानों का नियमित निरीक्षण करें। थानों में आम नागरिकों के साथ शालीन और सम्मानजनक व्यवहार होना चाहिए। सभी पुलिस अधीक्षक अपने कार्यालय में पर्याप्त समय दें और नागरिकों की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण करें।

साप्ताहिक अवकाश की दिनों में मांगी रिपोर्ट : महिला विरूद्ध अपराधों पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल अपराधों पर तत्काल कार्रवाई करें। इसके साथ ही धर्मांतरण से जुड़े मुद्दे, सांप्रदायिक घटनाओं, भूमि विवाद जैसे संवेदनशील मामलों पर विशेष सतर्कता के साथ तत्काल कार्रवाई करने कहा। जिला स्तर पर पुलिसकर्मियों की समस्याओं का निराकरण करने और पुलिसकर्मियों को मिलने वाले वीकली ऑफ पर सभी जिलों को अगले 10 दिन में रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं।

हर 10 दिनों में करेंगे समीक्षा

पुलिस महानिदेशक ने कहा कि मैं स्वयं प्रत्येक 10 दिन में उक्त मामलों की समीक्षा करूंगा। वहीं क्राइम का डेटाबेस अपडेट रखने, घटित अपराधों उन पर हुई कार्रवाई एवं लंबित प्रकरणों की अद्यतन जानकारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे अपराध कम करने में सहायता मिलती है। सभी रेंज आईजी और पुलिस अधीक्षक अपने स्तर पर लंबित मामलों की लगातार समीक्षा करें और उनका निराकरण करें।

जीरो टॉलरेंस नीति के तहत काम हो

डीजीपी ने कहा कि छत्तीसगढ़ शांति प्रिय राज्य है। यहां सांप्रदायिक घटनाएं किसी भी कीमत पर नहीं होनी चाहिए। असामाजिक तत्वों की लिस्ट बनाकर रखें जो भी ऐसी घटनाओं में संलिप्त पाये जाएं उन पर सख्त कार्रवाई करें। अपराधियों के संरक्षण और भ्रष्टाचार की शिकायतों पर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वर्ष के अंत में आंकड़े कम करना उद्देश्य नहीं होना चाहिए बल्कि प्रकरणों को शीघ्रता से निराकरण कर लोगों को न्याय दिलायें।

पत्रकारिता व पुलिस का रौब दिखाकर ग्रामीणों से अवैध वसूली करने वाले 4 लोगों को पुलिस ने पकड़ा

■ **ग्रामीणों से वसूली किया गया 10,000 रूपये आरोपियों से बरामद, आल्टो कार की जब्ती**

■ **डभरा और चन्द्रपुर थानाक्षेत्र के हैं आरोपी, जनसम्पर्क विभाग से ली जा रही जानकारी**

रायगढ़ (नवप्रदेश) । जिले में पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना के निर्देशन पर चलाये जा रहे 'पुलिस जन चौपाल' में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा गांवों में अंध विश्वास फैलाने वाले, चिटफंड, लाटरी, ईनामी कूपन, सोना-चांदी चमकाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों तथा जुआ-सट्टा, अवैध शराब व किसी भी अवैधानिक कृत्यों की सूचना शीघ्र पुलिस को दिये जाने कहा जा रहा है, जिस पर पुलिस को जागरूक नागरिकों से महत्वपूर्ण सूचनाएं भी प्राप्त हो रही है । इसी कड़ी में दिनांक 13/11/2021 के शाम थानाक्षेत्र के कुछ गांवों में बाहर से आकर लोगों को पुलिस व प्रेस के सदस्य बताकर जबरन रूपये की वसूल करने की सूचना थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक उत्तम साहू को मिली । थाना प्रभारी तत्काल अपने स्टाफ के साथ गांव जाकर तस्दीक किया गया, ग्रामीणों से पूछताछ कर आरोपियों द्वारा अवैध रूप से डराधमकाकर रूपये प्राप्त करना पाये जाने पर वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन, मार्गदर्शन पर आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा।

घटना के संबंध में थाना भूपदेवपुर में ग्राम झिटीपाली के जयनारायण डनसेना पिता स्व. प्रहलाद डनसेना उम्र 57 वर्ष द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 13.11.2021 को अपने होटल में था कि शाम करीब 17.00 बजे बस्ती तरफ से ग्रे कलर की आल्टो कार नं CG13 AF-3294 में चार लोग होटल के पास आये और होटल मालिक कौन है कहकर पूछताछ कर होटल में शराब बिक्री करते हो हम लोग पत्रकार एवं पुलिस वाले हैं, कार्यवाही कर जेल भेज देंगे कहकर डराने धमकाने लगे और 15,000 रूपये दो कहकर धमकाने लगे। जब जयनारायण डनसेना उन्हें 5,500 रूपये दिया तो किसी को मत बताना कहकर बिंजकोट, जबलपुर की ओर चले गये। वे लोग जबलपुर के महिलाओं को भी डरा धमका कर रकम वसूल करने की जानकारी हुई है। रिपोर्टकर्ता के रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध अप. क्रमांक 237/21 धारा 384, 34 भादवि पंजीबध्द कर थाना प्रभारी भूपदेवपुर द्वारा आरोपियों को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ करने पर आरोपीगण फर्जी पुलिस व पत्रकार बनकर ग्रामीणों से रकम वसुली करना स्वीकार किये हैं। आरोपियों के कब्जे से वसूली की रकम 10,000 रूपये एवं घटना में प्रयुक्त आल्टो कार नं CG13 AF-3294 एवं 04 नग मोबाइल को जप्त किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में समयलाल राठिया पिता पवित राम राठिया उम्र 35 वर्ष साकिन अकोलजमोरा थाना डभरा, विनोद दास महंत पिता चरणदास महंत उम्र 42 वर्ष साकिन चंद्रपुर थाना चंद्रपुर, खुशीराम पटेल पिता हिरालाल पटेल 45 वर्ष साकिन कांशीडीही थाना चंद्रपुर 4. हरिशंकर सिदार पिता बैजू सिंह सिदार 37 वर्ष साकिन कोमो थाना डभरा जिला जांजगीर चांपा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों के मीडिया से जुड़े होने की जानकारी जनसम्पर्क विभाग से प्राप्त की जा रही है। कार्यवाही में टीआई उत्तम साहू, एएसआई डीपी चौहान समेत थाना स्टॉफ का योगदान रहा।

ट्रेलर वाहन में फर्जी नंबर प्लेट लगाकर जेएसडब्ल्यू कंपनी से 11 लाख का स्पंज आयरन निकाल ले जाने वाला ड्रायवर गिरफ्तार

रायगढ़ । ट्रेलर वाहन की नम्बर प्लेट बदलकर बड़ी चालाकी से जेएसडब्ल्यू कंपनी नहरपाली से करीब 11 लाख रूपये का स्पंज आयरन पार कर फरार हुये ड्रायवर को भूपदेवपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है, आरोपी ड्रायवर से 21840 MT. स्पंज आयरन जुमला कीमती 6,55,000/- रूपये का जप्त किया गया है । घटना के संबंध में प्रार्थी चंद्रशेखर तिवारी पिता हृदयनारायण तिवारी उम्र 40 वर्ष निवासी भूपदेवपुर दिनांक 18.09.2021 को थाना भूदेवपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि चालक सोमनाथ ऊर्फ सौरभ एवं वाहन स्वामी आरोपी गंगाराम चौहान द्वारा मिलीभगत कर वाहन क्रमांक CG 15AC 4821 में JSW कंपनी नहरपाली से मां शिवा स्टील एंड एलायज पूंजीपथरा के लिए स्पंज आयरन 32360 MT. जुमला कीमती 11,26,452/- रूपये को दिनांक 19/09/2021 को ट्रेलर वाहन मे लोडकर मां शिवा स्टील एंड एलायज पूंजीपथरा नहीं पहुंचा कर गबन कर दिया है, रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 216/2021 धारा 406, 420, 467, 471 भादवि पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया । विवेचना में पाया गया कि वाहन क्रमांक ष्टत्र 15ष्ट 3378 का मालिक आरोपी गंगाराम चौहान पिता भोगीलाल चौहान उम्र 35 वर्ष सा0 कोटमार थाना चक्रधरनगर अपने वाहन में CG 15AC 4821 नम्बर प्लेट लगाकर ड्रायवर सोमनाथ ऊर्फ सौरभ की मदद से स्पंज आयरन को कम्पनी से निकाले ले गये थे ।

छत्तीसगढ़ राजपूत क्षत्रिय समाज महासभा की बैठक संपन्न

खरोरा। छत्तीसगढ़ राजपूत क्षत्रिय महासभा उप समिति रायपुर ऊत्तर की मासिक बैठक महाराणा प्रताप विद्यालय बिरगांव में आयोजित किया गया जिसमें भारत भूमि की शान मेवाड़ नरेश महाराणा प्रताप का पूजा अर्चना व उद्घोष के साथ समाज के वरिष्ठ गौर साहब व बीके ठाकुर के मार्गदर्शन में रायपुर उत्तर अप समिति के अध्यक्ष राजेश सिंह के उपस्थिति में समाज के रसीद का संकलन व अन्य विषयों पर चर्चा किया गया सर्व सम्मति से युवा सचिव का दायित्व अनुराग सिंह को दिया गया, सचिव राजकुमार सिंह ने राष्ट्रपति के हाथों अपने समाज के होरी सिंह अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राजपूत क्षत्रिय महासभा व मुख्य कार्यपालन अधिकारी नगर पालिका परिषद बेमेतरा, भोला सिंह मुख्य कार्यपालन अधिकारी नगर निगम कोरबा व अंजना राजेश ठाकुर अध्यक्ष नगर पंचायत थानखम्हरिया का सम्मान हेतु नाम चयन होना समाज के लिए बहुत ही गौरवान्वित करने वाली बात है। उन्होंने रायपुर उत्तर उप समिति कि ओर से उक्त व्यक्तियों को समाज का गौरव निरुपित करते हुए नमन, शुभकामनायें व आभार व्यक्त किये उन्होंने आगे समाज के शिक्षित व उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं से सन्देश देते हुये कहा कि शिक्षा केवल शासकीय सेवा के लिये नहीं होना चाहिये स्वरोजगार कि दिशा में भी विचार करे कुछ न कुछ कार्य करते हुये अपने आप को व्यस्त रख पारिवारिक आय के श्रोत के विकास मे सहभागी बने क्योंकि युवा ही समाज की रीढ़ है।

एकादशी पर पार्षद ने घर-घर बांटे गन्ने

बालोद (नवप्रदेश)। बालोद नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 08 के पार्षद सुनील जैन ने देवउठनी एकादशी के शुभ अवसर पर आज अपने वार्ड के सभी समाज के लोगों के घरों तक गन्ने का वितरण कर लोगों को दीपावली एवं देवउठनी एकादशी की बधाई दी। इस अवसर पर पार्षद सुनील जैन ने बताया कि इस बार महंगाई की मार के कारण गन्ने की कीमत भी बढ़ी हुई है लोगों को राहत देने हमारे साथियों द्वारा वार्ड के सभी समाज के लोगों के घरों तक गन्ने का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगो ने भी इस कार्य की प्रशंसा करते हुए पार्षद एंव उनके युवा साथियों को बधाई दी ज्ञात हो कि बालोद नगर पालिका के इस पार्षद की कार्यशैली से वार्ड के लोग

काफी उत्साहित रहते हैं सभी त्योहारों में उनके द्वारा कुछ ना कुछ नया किया जाता है। रमजान के पवित्र महीने में पार्षद सुनील जैन ने रोजा इफ्तार हेतु सभी मुस्लिम परिवारों को फल फ्रूट्स का वितरण किया था। कोरोना काल मे लोगो की मदद हेतु भी आगे आकर लोगो की सेवा की थी वहीं पार्षद की कार्यशैली की चर्चा पूरे जिले सहित छग में होती है जिसने चुनाव से पहले अपनी चुनावी घोषणा पत्र को स्टाम्प पेपर में छपवाकर बांटा था और निर्दलीय चुनाव भी जीता था वार्ड में बेटी के जन्म पर 21 सौ रुपये एवं कन्या के विवाह पर 11 हजार की प्रोत्शाहन राशि भी इनके द्वारा दिया जाता है लोगों का कहना है कि इस पार्षद से सभी जनप्रतिनिधियों को प्रेरणा लेनी चाहिए।

सार्वजनिक प्रोजेक्टर को चोरी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

कवर्धा(नवप्रदेश)। जिले में चोरी के अपराधों पर अंकुश लगाने कबीरधाम पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे तथा उप. पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती मोनिका सिंह परिहार, उप. पुलिस अधीक्षक अजाक/काईम श्री बी. आर. मंडावी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक श्री मुकेश सोम के कुशल नेतृत्व में चोरी नकबजनी तथा महिला संबंधी अपराधो पर अंकुश लगाने आरोपियों पर सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में प्रार्थी संतोष यादव पिता स्व. धनुष यादव उम्र 56 साल साकिन वार्ड नं. 20 बूढ़ामहोदव रोड कवर्धा थाना सिटी कोतवाली जिला कबीरधाम के द्वारा थाना हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया, कि काली मंदिर गार्डन में मैं मेन्टनेंस का काम

करता हूँ, दिनांक-09/11/2021 को रात्री 07.00 बजे गेट बंद करके अपने घर चला गया था। जो दिनांक-10/11/2021 को सुबह 06:00 बजे चौकीदार रमेश यादव द्वारा मुझे फोन कर बताया कि काली गार्डन में लगे प्रोजेक्टर को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा निकालकर चोरी कर ले गया है। कि सूचना पर मैं तत्काल काली गार्डन में जाकर देखा तो उक्त स्थान पर लगे 01 नग प्रोजेक्टर कीमती लगभग 10000/- रूपये का नही था। प्रोजेक्टर के संबंध में वहां उपस्थित कर्मचारियों से पूछताछ किया जिनके द्वारा बताये कि प्रोजेक्टर को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ले गया है। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 855/21 धारा 379 भा.द.वि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुये थाना प्रभारी के द्वारा सूचना तंत्र को सक्रिय किया गया जिससे प्रोजेक्टर चोरी के मामले में दो नाबालिग बालको द्वारा काली मंदिर के एल्युमिनियम प्रोजेक्टर को चोरी कर प्रोजेक्टर को कबाड़ी बाबू खॉन के पास बिक्री करने पर आरोपी बाबू खॉन पिता कमालुद्दीन उम्र 42 साल साकिन नवाब मोहल्ला वार्ड नं. 20 कवर्धा थाना सिटी कोतवाली के कब्जे से चोरी के प्रोजेक्टर को बरामद किया गया।

राज कुमार छग माअजेजेएफ के संभागीय उपाध्यक्ष बनाए गए

खरोरा। गौरतलब है कि वर्तमान समय में चाहे, सरकारी क्षेत्र हो या निजी, पंचायत से संबंधित हो या उद्योगों की बात हो। सभी जगह लोगो के अधिकारों का हनन, शोषण, भ्रष्टाचार, अत्याचार, मनमानी, अपराध, तथा कानून व्यवस्था के जानकारी के अभाव मे लोग छोटी बडी समस्याओं से जूझते हुए। अनायास भटकर रहे हैं। इन सभी मुद्दों पर आवश्यक जानकारी, सुझाव व जागरूकता लाने का प्रयास। ' छत्तीसगढ़ मानव अधिकार जन जागरण फाउंडेशन ' कर रहा है।

इन्हीं कार्यो एवं उद्देश्यों की पूर्ति के लिए ' छत्तीसगढ़ मानव अधिकार जन जागरण फाऊंडेशन ' पुरे छत्तीसगढ़ में संभाग स्तर पर, जिला - शहर व ग्रामीण स्तर पर, तथा पुरे ब्लाक, ग्राम पंचायत स्तर पर नियुक्ति की जा रही है। संगठन की (जूम मीट) वर्चुअल मीटिंग प्रत्येक बुधवार, शनिवार, एवं रविवार को आयोजित किया जाता है। जिसके तहत 13 नवंबर, शनिवार को जूम मीट के माध्यम से ही। पुरे छत्तीसगढ़ के अलग अलग संभागो, जिला, ब्लाक आदि मे, पदाधिकारियों की नियुक्ति। नियुक्ति कमेटी के माध्यम से जारी सूची में नाम व पदो की घोषणा। छत्तीसगढ़ मानव अधिकार जन जागरण फाऊंडेशन के अध्यक्ष श्री सी. एच. चौहान जी व प्रदेश महासचिव ए. आर. साव जी के द्वारा किया गया।

तीन को कार्यसमिक्षा के अधार पर पदोन्नति मीला. जिसमे कार्यसमिक्षा के अधार पर तीन लोगो को पदोन्नति किया गया। जिसमे , पहला - शशांक शेखर चंद्राकर जी, मुलनिवास फरहदा खरोरा, को रायपुर संभागीय उपाध्यक्ष से,उनके संगठन के प्रति लगन व विस्तार मे योगदान को ध्यान में रखते हुए संभाग अध्यक्ष बनाया गया।

'गढ़बो नवा 36गढ़ के 36 माह' : बिजली बिल हाफ योजना से लाखों परिवारों को भारी भरकम बिजली बिल से मिली राहत

रायपुर (नवप्रदेश)। बिजली बिल हाफयोजना' प्रदेश के लाखों घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी बदलाव की योजना साबित हुई है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने राज्य के सभी घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के लिए 01 मार्च 2019 से 'हाफ बिजली बिल योजना' लागू की। घरों का हजार रुपए का बिजली बिल कुछ सैकड़ों में सिमट गया। इस योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को प्रति माह 400 यूनिट तक की बिजली खपत पर प्रभावशील टैरिफ पर 50 प्रतिशत की छूट की पात्रता है।

जांजगीर-चांपा जिले के नैला नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 निवासी विद्युत उपभोक्ता श्री संजय गर्ग का कहना है कि हाफ बिजली बिल योजना लागू होने से आम लोगों को भारी-भरकम बिजली बिल से राहत मिली है। उन्होंने बताया कि इस योजना के लागू होने के पहले उनके घर का बिल दो से ढाई हजार रूपये तक आता था। लेकिन अब बिजली बिल हजार से बारह सौ रूपये के लगभग आ रहा है। इस प्रकार उनकी प्रतिमाह करीब एक हजार रुपए की बचत होती है। उन्होंने राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हाफ बिजली बिल योजना लागू कर छत्तीसगढ़ सरकार ने अपनी संवेदनशीलता को प्रदर्शित किया है। यह योजना घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी योजना है। प्रदेश के लाखों घरेलू बिजली उपभोक्ता कम बिजली बिल आने से खुश है।